दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





बॉलीवुड सितारों ने पेरिस में धर्म के नाम पर शिक्षक का सिर काटने पर की कड़ी आलोचना : ट्रंप - 08

मशहूर सिंगर कुमार शानू हुए कोविड-19 के शिकार - 08

वर्ष : 12 अंक : 31 लखनऊ, 22 जनवरी, गुरूवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार के दो दूरगामी फैसले

# अटल पेंशन योजना 2030-31 तक बढ़ी, एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने सिडबी को दिए 5000 करोड़ रु.

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार ने बुधवार को दो बड़े और दूरगामी फैसले लिए। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जहां एक ओर आम आदमी की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'अटल पेंशन योजना-(एपीवाई)' को 2030-31 तक विस्तार दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर रोजगार सृजन और लघु उद्योगों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) में 5,000 करोड़ रुपए की पूंजी डालने को मंजूरी दी गई है। ये फैसले असंगठित क्षेत्र के कामगारों के भविष्य को सुरक्षित करने और छोटे उद्योगों को सस्ती दरों पर ऋण मुहैया कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

*मोदी सरकार के ये फैसले असंगठित क्षेत्र के कामगारों के भविष्य को सुरक्षित करने और छोटे उद्योगों को सस्ती दरों पर ऋण मुहैया कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं*

**1,000 से 5,000 रुपए प्रति माह मिलेगी पेंशन**

**1.12 करोड़ नई नौकरियों के सृजन की उम्मीद**



### 8.66 करोड़ से अधिक लोग जुड़े

कैबिनेट ने सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इस विस्तार के साथ ही योजना के प्रचार, विकासात्मक गतिविधियों और 'गैप फंडिंग' के लिए वित्तीय सहायता को भी स्वीकृति मिली है। 9 मई 2015 को शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे में आय की सुरक्षा प्रदान करना है। 19 जनवरी 2026 तक इस योजना के तहत 8.66 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं।

### 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन

इस योजना के तहत, अंशदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु के बाद 1,000 रुपए से 5,000 रुपए प्रति माह की गारंटीड न्यूनतम पेंशन मिलती है। सरकार विकासात्मक गतिविधियों के जरिए असंगठित श्रमिकों के बीच जागरूकता और क्षमता निर्माण का विस्तार करेगी।

### तीन किस्तों में मिलेंगे 5,000 करोड़ रुपए

लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को राहत देते हुए सरकार ने सिडबी को 5,000 करोड़ रुपए की इक्विटी सहायता देने का फैसला किया है। यह पूंजी वित्तीय सेवा विभाग की ओर से अलग-अलग तीन किस्तों में दी जाएगी। सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में 3,000 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2026-27 व 2027-28 में क्रमशः 1,000-1,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस अतिरिक्त पूंजी से सिडबी उचित ब्याज दरों पर संसाधन जुटा सकेगा, जिससे एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी लागत पर ऋण का प्रवाह बढ़ेगा।

**102 लाख एमएसएमई को लाभ:** सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा असर रोजगार के मोर्चे पर देखने को मिलेगा। इस इक्विटी निवेश से 1.12 करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2025 के अंत तक 76.26 लाख एमएसएमई को वित्तीय सहायता मिल रही थी, जिसके वित्तीय वर्ष 2028 के अंत तक बढ़कर 102 लाख होने की उम्मीद है। इस कदम से लगभग 25.74 लाख नए एमएसएमई लाभार्थी जुड़ेंगे, जिससे जमीनी स्तर पर आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या जाएंगी



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2083 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति शिरकत करेंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू इस आयोजन की मुख्य अतिथि होंगी।

### अमृत उद्यान 3 फरवरी से लोगों के लिए खुलेगा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 3 फरवरी से 31 मार्च, 2026 तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के दिन और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी इसकी जानकारी दी है।

### संजौली हेलीपोर्ट से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली हेलीपोर्ट को केंद्र से जरूरी मंजूरी के बाद आधिकारिक तौर पर हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए खोल दिया गया है। इसी के साथ दो कंपनियों ने यहां से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू कर दी हैं। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रिकांगपिओ व भुंतर के लिए उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### उदयपुर में जीप खाई में गिरी, 3 की मौत



**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में सवारी से भारी जीप बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भर्ती करवाया गया है।

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं, चार हफ्ते में हाई पावर कमेटी के सदस्यों के नाम दें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम अपूर्णीय और दूरगामी होते हैं। शीर्ष अदालत ने यह भी दोहराया कि अरावली की वैज्ञानिक और स्पष्ट परिभाषा तय करने के लिए एक हाई पावर कमेटी बनाई जाएगी। इस समिति में पर्यावरण, वानिकी, भू-विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों के स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे। अदालत ने सभी पक्षों जिसमें एमिकस क्यूरी भी शामिल हैं उससे समिति के संभावित सदस्यों के नाम और सुझाव चार हफ्ते में पेश करने को कहा है।

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम अपूर्णीय और दूरगामी होते हैं*

### यह मुद्दा संवेदनशील

कोर्ट ने अपने उस पुराने फैसले पर लगी रोक को भी बढ़ा दिया है, जिसमें 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की सिफारिश थी। पर्यावरण मंत्रालय की समिति की इस सिफारिश को अदालत ने पहले ही पुनर्विचार योग्य बताते हुए स्थगित कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने फैसले पर लगी रोक बढ़ाई

राजस्थान में हो रहे अवैध खनन का मामला भी उठाया



सुप्रीम कोर्ट, अरावली की पहाड़ियां

### गहराई से होगी जांच

सुनवाई के दौरान एक वकील ने राजस्थान के कई क्षेत्रों में लगातार हो रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाया। इस पर न्यायालय ने राजस्थान सरकार के वकील को तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि अरावली जैसा पर्यावरणीय क्षेत्र किसी भी प्रकार का भार नहीं उठा सकता है। अदालत ने साथ ही कहा कि अवैध खनन भविष्य की पीढ़ियों के पर्यावरण अधिकारों को सीधे प्रभावित करता है, इसलिए न्यायालय इस पूरे मामले में सभी पहलुओं की गहराई से जांच करेगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले साल दिसंबर में पारित अंतरिम आदेश अगले आदेश तक लागू रहेगा।



चंडीगढ़ की सुखना झील

**सीजेआई ने जताई चिंता**

### सुखना झील को कितना सुखाओगे? गलती न दोहराएं

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ की मशहूर सुखना झील के सूखने पर चिंता जताई है। हरियाणा सरकार को पिछली गलतियों को न दोहराने की चेतावनी देते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अधिकारियों और बिल्डर माफिया की मिलीभगत के कारण सुखना झील पूरी तरह से खराब हो चुकी है। बेंच में सीजेआई सूर्यकांत के अलावा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी अरावली पहाड़ियों के मामले पर सुनवाई करते हुए की।

### झील का गिर रहा जलस्तर

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों और राजनेताओं की मिलीभगत से बिल्डर माफिया काम कर रहा है। आप सुखना झील को कितना सुखाओगे? आपने झील को तो पूरी तरह से खराब कर दिया है। दरअसल, बारिश के पानी पर निर्भर सुखना झील कभी चंडीगढ़ का प्रमुख पर्यटन केंद्र हुआ करती थी, लेकिन बीते वर्षों में लगातार गिरते जलस्तर ने इसकी सुंदरता और अस्तित्व दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मदुरै पीठ की सख्त टिप्पणी

# उदयनिधि का 'सनातन मिटाओ' बयान 'नरसंहार' की मांग जैसा

अमित मालवीय के खिलाफ एफआईआर रद्द



उदयनिधि स्टालिन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने सोमवार को तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन के उस बयान पर सख्त टिप्पणी की, जिसमें उदयनिधि स्टालिन ने अपने एक संबोधन में सनातन धर्म का सफाया करने की मांग की थी। कोर्ट ने साफ कहा कि उदयनिधि स्टालिन का बयान नरसंहार की मांग जैसा है। हाईकोर्ट की पीठ ने भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को भी रद्द करने का आदेश दिया। मदुरै पीठ की जस्टिस एस श्रीमथी ने कहा कि अगर सनातन धर्म को मानने वाले लोगों का समूह यहां नहीं होना चाहिए, तो इसके लिए सही शब्द 'नरसंहार' है।

### ओझिप्पु का मतलब 'सफाया'

जस्टिस श्रीमति ने स्टालिन के भाषण में ओझिप्पु शब्द पर विशेष जोर दिया और कहा कि पूरा मामला एक शब्द पर है, जो बेहद अहम है। पीठ ने कहा कि सरकार भी ओझिप्पु शब्द का मतलब सफाया मानती है। इसके बाद अदालत ने इस शब्द के पर्यायवाची का भी जिक्र किया, जिनका मतलब भी सफाया, मिटाना, तबाह करना आदि बताया गया। जज ने कहा कि अमित मालवीय ने पोस्ट में जो सवाल किया था, उसमें हिंसा या आंदोलन की मांग नहीं की गई थी। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि अदालत ने डीएमके सरकार द्वारा दर्ज की गई राजनीतिक रूप से प्रेरित और बदले की भावना वाली एफआईआर को खारिज कर दिया।



एस. श्रीमथी

### अविमुक्तेश्वरानंद के साथ सही हुआ: रामभद्राचार्य



**नई दिल्ली।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद मामले में जगद्गुरू रामभद्राचार्य ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय नहीं हुआ। अन्याय तो उन्होंने किया है। नियम यह है कि गंगा तक पालकी से नहीं जाया जाता। हम लोग भी पैदल ही जाते हैं। सरकार ने उन्हें खुद को शंकराचार्य साबित करने के लिए बिल्कुल सही नोटिस जारी किया है। वहीं, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनको दिया गया नोटिस वापस नहीं लिया तो वह मानहानि का केस करेंगे। प्रशासन के नोटिस के जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 8 पेजों का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है। इसमें नोटिस को मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और असंवैधानिक बताया।

भाजपा अध्यक्ष नबीन ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक

# पहली बैठक संगठन की मजबूती और जनकल्याण योजनाओं पर रही केंद्रित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक की। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय विस्तार में हुई इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई साथ ही केंद्र सरकार और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच पहुंचाने का आह्वान भी मंच से किया गया। चुनावी राज्यों के लिए संगठनात्मक तैयारियों पर भी मंथन बैठक में हुआ।



बीएल संतोष, नितिन नबीन, शिवप्रकाश

### भाजपा की असली ताकत अनुशासित संगठन व समर्पित कार्यकर्ता

नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका अनुशासित संगठन और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। पार्टी के हर कार्यकर्ता को पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाना है। पार्टी अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्षों का आह्वान किया कि केंद्र सरकार और राज्यों में अपनी सरकारों की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाएं।

### सरकार और संगठन के बीच रखें तालमेल

उन्होंने चुनाव संबंधित तैयारियों की मजबूती पर भी फोकस रखने की बात कही। उन्होंने सरकार और संगठन के बीच तालमेल को बेहतरीन रखने पर भी जोर दिया। बैठक में संगठन पर्व, सदस्यता अभियान और पार्टी के आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समीक्षा भी की गई। प्रदेश अध्यक्षों ने अपने राज्यों में संगठन, कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, सभी राष्ट्रीय महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री मौजूद थे।

आज दिल्ली के जवाहर भवन में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

# मनरेगा कानून को खत्म किए जाने के विरोध में दिल्ली में जुटेंगे देशभर के मनरेगा कार्यकर्ता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



मोदी सरकार द्वारा मनरेगा कानून को खत्म किए जाने के विरोध में कांग्रेस 22 जनवरी को दिल्ली के जवाहर भवन में देशभर के मनरेगा कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगी। रचनात्मक कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप दीक्षित ने कहा कि जवाहर भवन में गुरुवार सुबह 10 बजे से दोपहर लगभग डेढ़ बजे तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 20-25 राज्यों से करीब 300-400 मनरेगा श्रमिक शामिल होंगे। ये मजदूर स्वेच्छा से आ रहे हैं और अपने-अपने क्षेत्रों की मनरेगा साइट्स से एक-एक मुट्ठी मिट्टी साथ लाएंगे। इन सभी मिट्टियों को एकत्र कर एकजुट संघर्ष का प्रतीकात्मक संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में मनरेगा से जुड़े लोग अपने अनुभव साझा करेंगे, नए कानून की कमियों पर चर्चा करेंगे और आगे के संघर्ष की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन रचनात्मक कांग्रेस के मंच के तहत किया जा रहा है।

### मनरेगा कोविड काल में संजीवनी साबित हुई

दीक्षित ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा मनरेगा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इसके अलावा कई वरिष्ठ नेता, कांग्रेस-शासित राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्री और संसद की संबंधित समितियों के पूर्व व वर्तमान सदस्य सांसद भी अपनी बात रखेंगे।

## संदिग्ध हालत में कानपुर रोड किनारे मृत पड़ा मिला मजदूर का शव,

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक मजदूर संदिग्ध हालत में कानपुर रोड किनारे मृत पड़ा मिला। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बरेली जिले के भोजीपुरा थाना अंतर्गत आसपुर प्रीतम राय निवासी रूप सिंह (29) बंथरा थाना क्षेत्र में रहकर पीएनसी कंपनी की निमार्णाधीन साइट कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य में 13 जनवरी से अपने गांव के कुछ लोगों के साथ शटरिंग लगाने का काम करता था। रूप सिंह मंगलवार रात खाना खाकर सो गया और बुधवार सुबह बंथरा स्थित प्रसाद हॉस्पिटल के सामने रोड किनारे मृत हालत में पड़ा मिला। उसे मृत पड़े देख परिचितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक शराब का आदी था और अधिक शराब पीने से ही उसकी मौत हुई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और चार बच्चे हैं। पुलिस ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी है।

## कार की टक्कर से घायल युवक के पिता ने कार चालक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों कार की टक्कर से घायल हुए युवक के मामले में उसके पिता ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है ।जानकीपुरम के सेक्टर - जे निवासी लायकराम शुक्ला केमुताबिकउनका बेटा अनुराग शुक्ला सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रारी गोल्डेन ट्रांसपोर्ट में कार्यरत है। लायक राम का कहना है कि शनिवार को करीब साढ़े तीन बजे अनुराग काम से लौट रहा था, तभी पीछे से आई डिजायर कार (यूपी 32 एलटी 2250) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अनुराग का पैर दो जगह टूट गया। आरोप है कि कार चालक नशे की हालत में था और घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

# सड़क हादसों में दर्दनाक मौतों से व्यथित डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर में हेलमेट अभियान की घोषणा की

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में पार्टी कार्यकताओं के बच्चों की असमय मृत्यु से अत्यंत दुःखी होकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोकने हेतु एक सशक्त सड़क-सुरक्षा पहल की घोषणा की है। हाल ही में हुई दो हृदयविदारक घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डाल दिया है भाजपा बूथ अध्यक्ष गुड़िया गौतम के 18 वर्षीय पुत्र राहुल मात्र एक किलोमीटर दूर दूध लेने मोटरसाइकिल से गए थे। घने कोहरे के कारण उनकी मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार महिला मंडल प्रभारी प्रियंका सिंह के 18 वर्षीय भतीजे अनुराग पास की दुकान से समोसा लेने गए थे। सड़क दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट के कारण उनकी भी मृत्यु हो गई। इन मासूम और युवा जीवनों की क्षति ने पार्टी कार्यकताओं सहित डॉ. राजेश्वर सिंह को व्यक्तिगत रूप से अत्यंत व्यथित किया है। शोक व्यक्त करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने घोषणा की कि उरफ के माध्यम से 1,000 हेलमेट इसी सप्ताह सरोजनीनगर के सभी बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों को वितरित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि पार्टी कार्यकर्ता स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें और अपने बच्चों को छोटी दूरी के लिए भी मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। डॉ. सिंह ने कहा, कुछ क्षणों की लापरवाही जीवन भर का दर्द बन जाती है। ये मौतें रोकी जा सकती थीं। बच्चों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने देश-प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की भयावह स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। भारत में हर वर्ष लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.8 लाख से अधिक लोग जान गंवाते हैं, यानी प्रतिदिन लगभग 500 मौतें होती हैं। इन हादसों में करीब 66% मृतकों की उम्र 18 से 34 वर्ष के बीच होती है। उत्तर प्रदेश देश में सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मौतों वाला राज्य है, वर्ष 2024 में यूपी में 46052 सड़क हादसों में 24,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है। जिनमें राजधानी लखनऊ में करीब 1630 सड़क हादसे दर्ज किए गए। डॉ. सिंह ने अन्य दुखद घटनाओं पर भी शोक व्यक्त किया, जिनमें गलत दिशा से आ रहे डंपर से कुचलकर धीरज शुक्ला के पुत्र की मृत्यु तथा बंथरा में स्कॉर्पियो वाहन से कुचलकर अर्पित त्रिवेदी की मृत्यु शामिल है, जिसमें आरोपी बलवीर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसी घटना में युवती काजल की भी मृत्यु हुई, जो तेज और लापरवाह ड्राइविंग का भयावह परिणाम है। सड़क हादसों के सम्बन्ध में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि वे इस विषय को माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष उठाकर दुर्घटना-संभावित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार तथा लापरवाह व खतरनाक ड्राइविंग के लिए कड़े दंड सुनिश्चित करने की मांग करेंगे। उन्होंने दोहराया कि विकास के साथ-साथ सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है, और युवाओं के जीवन की रक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह भी उल्लेखनीय है कि मंगलवार को डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक माह के दौरान स्वास्थ्य कारणों एवं दुर्घटनाओं में अपने प्रियजनों को खोने वाले 13 से अधिक शोकसंतप्त परिवारों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की, उनका दुःख साझा किया और उन्हें सांत्वना प्रदान की।

# अधिवक्ता से अभद्रता पर एस.एस.आई का तबादला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता जय कुमार से अभद्रता करने के आरोपी माल थाना में तैनात दरोगा हरिदास चौरसिया के खिलाफ पुलिस विभाग ने कार्रवाई की है। डीसीपी नॉर्थ ने बुधवार को दरोगा का तबादला करते हुए उन्हें जानकारीपुरम थाने भेज दिया है। कार्रवाई के बाद अधिवक्ताओं में आंशिक संतोष है, हालांकि बार पदाधिकारियों ने इसे नाकाफी बताया। जानकारी के अनुसार, 17 जनवरी को अधिवक्ता जय कुमार निजी भूमि की पैमाइश कराने के लिए माल थाने पहुंचे थे। इसी दौरान एस एसआई हरिदास चौरसिया से उनकी कहासुनी हो गई। अधिवक्ता जय कुमार का आरोप है कि एस एसआई ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट और जेल भेजने की धमकी दी थी। इस घटना से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एसीपी मलिहाबाद से शिकायत की थी। इस मामले को लेकर नाराज अधिवक्ताओं ने 19 जनवरी को न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया था। उस समय एसीपी मलिहाबाद ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। अब डीसीपी नॉर्थ द्वारा दरोगा के स्थानांतरण की कार्रवाई सामने आई है। इस संबंध में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के महामंत्री कमलेश ने कहा कि अधिवक्ता से अभद्रता करने वाले दरोगा को केवल स्थानांतरित करने के बजाय लाइन हाजिर किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि फिर भी उच्च अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई से उम्मीद है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई नहीं जाएंगी। फिलहाल, अधिवक्ता संगठन पूरे मामले पर पुलिस की आगे की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

# पत्नी की तहरीर पर अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज, दो हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते मंगलवार सुबह खड़ता गावँ में ई-रिक्शा चालक अर्जुन पाल (50)का शव गावँ के बाहर मिलने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी दी ।पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मामले में मृतक के ही परिजनों पर हत्या कर साक्ष्य मिटाने का गंभीर आरोप सामने आया है। मंगलवार सुबह खड़ता और नवीनगर गांव के बीच नहर किनारे शव के ऊपर एक ई-रिक्शा पलटा हुआ मिला था मृतक की पहचान अर्जुन पाल (50) निवासी ग्राम खड़ता, थाना मलिहाबाद के रूप में हुई थी। अर्जुन पाल की पत्नी शिवरानी ने थाने पर तहरीर देकर अज्ञात द्वारा हत्या की आशंका जाहिर की थी। वहीं मृतक के भाई मुन्नू लाल पाल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पारिवारिक विवाद के चलते अर्जुन पाल की हत्या उसकी पत्नी शिवरानी और दोनों बेटों रूपलाल पाल व राजेंद्र पाल ने घर के अंदर ही लाठी-डंडों और धारदार हथियार से की है। हत्या के बाद सिर से बहते खून को स्टील की टंकी में भरकर शव के पास रख दिया गया था जबकि घर के कमरे और ई-रिक्शा पर खून के छींटे मिले थे कुछ दूरी पर अर्जुन का बिस्तर खून से सना हुआ मिला था। हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को ई-रिक्शा में डालकर नहर किनारे ले जाया गया और ई-रिक्शा को शव के ऊपर पलट दिया गया, ताकि मामला हादसा प्रतीत हो। दोनों बेटे हिरासत में बुधवार को पुलिस ने पत्नी शिवरानी की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक के दोनों बेटे राजेंद्र पाल और रूपलाल पाल जुआ खेलने के साथ आये दिन शराब पीकर मृतक से गाली गलौज करते थे। इन्ही हालात में मृतक की हत्या बेटों द्वारा किए जाने के प्रबल आसार है। बहर हाल बेटों से कड़ाई से पूंछताछ की जा रही है क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हो चुकी है। कुछ शेष बिंदुओं पर जांच के जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा। वहीं बुधवार शाम अर्जुन के शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों समाजवादी पार्टी के लोगों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल के नेतृत्व में दर्जनों समाजवादी पार्टी के लोगों ने महामहिम राज्यपाल महोदया को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी, लखनऊ को सौंपा गया। जिला वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर, जिसमें चबूतरे के चारों तरफ देवी-देवताओं की मूर्तियों के अलावा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की भी मूर्ति को बुलडोजर द्वारा तोड़े जाने के विरोध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी, लखनऊ को सौंपा गया। इस मौके पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी से जुड़े करोड़ों लोगों की भावनायें आहत हुई हैं। इस घटना का समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ लखनऊ पुरजोर विरोध करती है। इस मामले की गहनता से निष्पक्ष जांच की जाये और भविष्य में दोबारा ऐसी घटना न हो व घाट के साथ ही लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा का पुनः निर्माण कराया जाय एवं दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, एड0 विपिन पाल, रामसेवक पाल, जिला उपाध्यक्ष रामनरेष पाल, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा अंजनी प्रकाष यादव, गुरू प्रसाद पाल, आशीष पाल मोनू, हरिप्रसाद लोधी, ज्ञानेन्द्र कुमार ज्ञानू, रामबरन पाल, लालजी यादव, जी0एच0 जैदी, वीरेन्द्र यादव, मोहित पाल, रामसागर पासी, लक्ष्मी नारायन पाल, सुरेश कुमार पाल, मोहित पाल, मनीष यादव, अवशेष कुमार कश्यप, अजय कुमार पाल, संजीव कुमार पटेल, सूरज लोधी, वैभव पाल, हिमांशू पाल, कैलाश बाबू पाल, रजनीश सिंह, उदयराज, विजय कुमार, धर्मेन्द्र पाल, विनोद पाल, विजय पाल, रामबरन पाल, राकेश पाल, अनुराग पाल, संजय पाल, सुरेष कुमार, रामसवारे प्रजापति, लवकुश पाल, धर्मेन्द्र पाल, सुरेन्द्र यादव, अरविन्द यादव, मिथलेश पटेल, बब्बे पाल, रिंकू पाल, मनीष पाल, दीपक यादव एवं दिनेष यादव के साथ सैकड़ों पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से कार पलटी, बुजुर्ग महिला की मौत, पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में बुधवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक वैगन आर कार में जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में वैगन आर कार पलट गई ।जिससे उसमें सवार एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उस पर सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। वहीं पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के सफीपुर थाना अंतर्गत दुबियाना निवासी हर्षित मिश्रा(21) अपनी दादी सुराजवती मिश्रा (85), चाचा रामजी मिश्रा(48) रामजी मिश्रा की बेटी गौरी (18) राम जी मिश्रा के बेटे शुभी (12) और कनक (05) को लेकर वैगन आर कार से बुधवार दोपहर बाद करीब 3:30 बजे रायबरेली रोड की ओर से अपने घर जाने के लिए किसान पथ होते हुए आगरा एक्सप्रेस वे की ओर जा रहा था। तभी सरोजनी नगर में गहरु अंडरपास के पास किसी अज्ञात वाहन ने हर्षित मिश्रा की वैगन आर कार में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वैगन आर कार पलट गई। इस हादसे में सुरजावती की मौके पर ही दर्दनाक



मौत हो गई। जबकि अन्य सभी लोग घायल हो गए ।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आनन फानन सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सुरजावती को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में उनका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## महापौर सुषमा खर्कवाल की निधि से 14 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के मानस नगर में बुधवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की निधि से 14 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क व नाली निर्माण कार्य का पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट द्वारा शिलान्यास किया गया। पार्षद ने बताया कि करीब 120 मीटर लंबी और 4 मीटर चौड़ी सड़क भूपेंद्र सिंह के मकान से विकास ओझा के घर होते हुए आवासीय स्कूल तक बनाई जाएगी। पार्षद रामनरेश रावत ने पूजा पाठ करने के साथ विकास ओझा व प्रीतम सिंह से नारियल तुड़वाने के अलावा आरएस तिवारी से फावड़ा चलवाकर इसका शिलान्यास कराया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि संतोष त्रिपाठी ने बताया कि मानस नगर की यह सड़क पिछले 10झ15 वर्षों से जर्जर होने के साथ नालियां टूट चुकी थीं, जिससे जल निकासी बाधित हो रही थी और बरसात में आसपास के खाली प्लॉटों में पानी भर जाता था। उन्होंने बताया कि सड़क व नाली निर्माण के बाद लगभग दो हजार लोगों को राहत मिलेगी। वहीं शिलान्यास से यहाँ के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने पार्षद का फूल-मालाओं से स्वागत किया। जबकि पार्षद ने भी बुजुर्गों व भाजपा कार्यकताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह व महापौर सुषमा खर्कवाल के समर्थन में नारे लगाए और मिठाइयां बांटी ।स्थानीय निवासियों की ओर से संतोष त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, नगर आयुक्त गौरव कुमार तथा पार्षद रामनरेश रावत के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में कुलदीप वर्मा, आलोक श्रीवास्तव, रितेश दुबे, फूलचंद गौतम, महेंद्र, प्रिंस, विकास मिश्रा, नीरज सिंह, तरुण पाठक, गौरव सिंह, दीपक शुक्ला, मनोज चतुर्वेदी, राजेंद्र दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक माह से संक्रामक बीमारियों का प्रकोप, दर्जनों मवेशियों की मौत

### गांव में दर्जनों पशु बीमार, पशुपालकों में दहशत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के मीठे नगर गांव में बीते करीब एक माह से पशुओं में लम्पी, जराखुरा, तेज बुखार सहित अन्य संक्रामक बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बीमारी की चपेट में आकर अब तक कई किसानों के मवेशियों की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों पशु अभी भी गंभीर हालत में हैं। हालात को देखते हुए गांव के पशुपालकों में दहशत और चिंता का माहौल व्याप्त है।

### एक के बाद एक हो रही मवेशियों की मौतें

ग्रामीणों के अनुसार करीब एक माह पूर्व राजकुमार मौर्य की एक गाय और उसके बछड़े की बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद भैयालाल की एक भैंस और एक पड़वा भी बीमारी की भेंट चढ़ गए। उनके चार अन्य पशु अभी भी नाजुक हालत में हैं और चारा-पानी तक नहीं खा पा रहे हैं। तीन दिन पहले ओमप्रकाश की एक भैंस की मौत हो चुकी है, जबकि बीते मंगलवार शाम संतराम की एक भैंस ने भी दम तोड़ दिया।

### कई परिवारों को झटका

बीमारी से सत्यपाल मौर्य की एक गाय और एक बछड़ा, शेरू यादव का एक पड़वा व एक पाड़िया तथा अवधराम का एक पड़वा भी मर चुका है। अवधराम के पांच पशु अभी भी बीमार बताए जा रहे हैं। इसके अलावा प्रेमचंद, कैलाश, जयराम और सत्तीदीन के पशु भी बीमारी की चपेट में हैं। बुधवार शाम आकाश यादव के एक मवेशी की भी मौत होने की सूचना है।

### बीमारी की पहचान न होने से बढ़ी चिंता

मीठे नगर के ग्राम प्रधान रविंद्र यादव ने बताया कि गांव में लंबे समय से पशुओं में बीमारी तेजी से फैल रही है। इलाज कराया जा रहा है, लेकिन अब तक बीमारी का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। डॉक्टर भी निश्चित रूप से बीमारी की पहचान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।

### जल्द ही लगेगा विशेष पशु चिकित्सा कैंप

इस संबंध में मलिहाबाद के उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि जिन किसानों ने पशुओं के बीमार होने की सूचना दी है, उनके पशुओं का उपचार कराया जा रहा है। जल्द ही गांव में विशेष पशु चिकित्सा कैंप लगाया जाएगा, ताकि सभी पशुओं का इलाज किया जा सके और बीमारी के कारणों का भी पता लगाया जा सके।

# कुत्ते से बचाव में ढेला फेंकना पड़ा भारी, युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में पालतू कुत्ते से बचने के लिए ढेला फेंकना एक युवक को महंगा पड़ गया। कुत्ते के मालिकों ने गुस्से में आकर युवक को लात-घूंसों और बेल्ट से जमकर पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिहाबाद इलाके के सिरगामऊ गांव निवासी मनीष कुमार के अनुसार, रविवार शाम वह अपने खेतों की ओर जा रहा था। रास्ते में पड़ोस के बहेलिया गांव के पास पहुंचते ही सुरजीत का पालतू कुत्ता उस पर भौंकने लगा और काटने के लिए दौड़ पड़ा। कुत्ते के हमले से बचने के लिए मनीष ने पास में पड़ा एक ढेला उठाकर कुत्ते की ओर फेंक दिया, जिससे कुत्ता भौंकता हुआ वहां से भाग गया। आरोप है कि कुत्ते पर ढेला फेंकते देख उसके मालिक आग-बबूला हो गए। सुरजीत और गुड्डू और अन्य लोगों ने मनीष को पकड़ लिया और गालियां देते हुए उसकी लात-घूंसों व बेल्ट से बेरहमी से पिटाई कर दी। इस हमले में मनीष को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने मलिहाबाद थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कनेक्शन स्वीकृत के बाद नहीं लगा बिजली का पोल

### महिला उपभोक्ता वर्षों से अंधेरे में रहने को मजबूर.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। एक ओर सरकार हर घर बिजली पहुंचाने के दावे कर रही वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही मोहनलालगंज क्षेत्र के गंगागंज अंतर्गत सलेमपुर गांव की एक महिला उपभोक्ता पिछले काफी समय से बिजली कनेक्शन के लिए विभागीय चक्कर काटने को मजबूर लेकिन आज तक उसके घर के सामने बिजली का पोल तक नहीं लगाया जा सका जानकारी के अनुसार मालती पत्नी सुरेश कनोजिया निवासी सलेमपुर पोस्ट गंगागंज जनपद लखनऊ ने विद्युत विभाग से नया कनेक्शन लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। लाइनमैन द्वारा मौके पर सर्वे कर पोल का एस्टिमेट भी तैयार कर दिया गया बावजूद इसके अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका पीड़िता का आरोप है कि घर के सामने मात्र एक से दो पोल पहले ही नए कनेक्शन के तहत लगाए जा चुके जबकि उसी पोल का एस्टिमेट लेकर अन्य उपभोक्ता को कनिष्ठ अभियंता श्री आर.के.शुक्ला द्वारा कनेक्शन दे दिया गया लेकिन उनके घर के लिए आज तक पोल नहीं लगाया गया ।महिला का कहना है कि वह अपने बच्चों के साथ घर के परिसर में अकेली रहती बिजली न होने के कारण सुरक्षा पढ़ाई और दैनिक जीवन की मूलभूत सुविधाओं से वंचित कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई इस संबंध में पीड़िता ने अधिशासी अभियंता मोहनलालगंज जिला लखनऊ को लिखित प्रार्थना पत्र देकर मौके पर जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की प्रार्थना पत्र के साथ एस्टिमेट से जुड़े दस्तावेज भी संलग्न किए गए जो यह दशार्ते कि कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद कार्य लटका हुआ है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो यह मामला भ्रष्टाचार और भेदभाव का गंभीर उदाहरण बन सकता सवाल यह भी उठता है कि जब एक ही पोल के एस्टिमेट पर दूसरे को कनेक्शन दिया जा सकता तो पीड़िता को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा अब देखना यह है कि विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं

# भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में बाबा बारूदी सेमीफाइनल में.....

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां टोल प्लाजा के समीप आयोजित भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बाबा बारूदी की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आशू इलेवन को 35 रनों से शिकस्त दी और सेमीफाइनल में शानदार प्रवेश किया। मुकाबला शुरूआत से अंत तक रोमांच से भरपूर रहा और बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बाबा बारूदी की टीम ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 199 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया टीम की इस मजबूत स्थिति की नींव संदीप सैंडी की विस्फोटक पारी ने रखी। संदीप सैंडी ने मात्र 25 गेंदों में 83 रनों की तूफानी पारी खेली जिसमें आकर्षक चौकों और लंबे छक्कों की झड़ी लगी रही। उनकी बल्लेबाजी ने पूरे मैदान में जोश भर दिया इसके बाद गेंदबाजी में भी संदीप सैंडी ने कमाल दिखाते हुए एक महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया। अन्य गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया और रन गति पर लगातार अंकुश बनाए रखा 200 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी आशु इलेवन की टीम ने संघर्ष किया लेकिन बाबा बारूदी के गेंदबाजों के सामने वह टिक नहीं सकी आशु इलेवन की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 165 रन ही बना सकी इस प्रकार बाबा बारूदी की टीम ने 35 रनों से मुकाबला अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली मैच में ऑलराउंड शानदार प्रदर्शन के लिए संदीप सैंडी को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया मैच के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए कई प्रमुख लोग मैदान पर मौजूद रहे। इनमें पूर्व प्रधान पुरहिया दीनू बाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना दुर्गेश सिंह दीपू मुरारी सिंह राठौर, बबलू सिंह, पुष्पराज सिंह, रोहित तिवारी, अरविंद तिवारी, आशु नेता, सनी सैनी, राजा दीक्षित, प्रभात अवस्थी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य और क्रिकेट प्रेमी शामिल रहे। आयोजक अनमोल तिवारी ने बताया कि टूर्नामेंट के आगामी मुकाबले और भी रोमांचक होंगे बाबा बारूदी की इस शानदार जीत से टीम के समर्थकों और खिलाड़ियों में सेमीफाइनल को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा

# छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ के एक मामले में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि गोपालपुर गांव निवासी राजे पाल के खिलाफ एक किशोरी के साथ छेड़खानी का मामला दर्ज था। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर टीम ने गोपालपुर गांव में टॉवर के पास से आरोपी को धर दबोचा। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



आरोपी राजेपाल फोटो

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार छात्र की मौत, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। स्कूल से पढ़कर वापस घर लौट रहे साइकिल सवार छात्र को सामने से बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी परिजनों ने उसे आनन फानन सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही उसने दम तोड दिया। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ईसापुर निवासी नीरज का दस वर्षीय इकलौते पुत्र उत्कर्ष राठौर जेड एम कान्वेंट स्कूल कहला में कक्षा 2 का छात्र था। बुधवार दोपहर को स्कूल से पढ़कर वापस घर लौट रहा था। तभी वह अपने गांव के किनारे नरेंद्र के ट्यूबल के पास पहुंचा ही था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में उसे मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं टक्कर मारने वाला सोनू बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के पिता की तहरीर पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के संबंध में उसी गांव निवासी बाइक चालक सोनू पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी हुई लापता

पुरवा, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिक बालिका संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई पीड़ित पिता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया । क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव निवासी पीड़ित पिता के मुताबिक बीते 16 जनवरी की सुबह घर सूना पाकर अज्ञात आरोपी युवक उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया पीड़ित पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है युवा की तलाश की जा रही है।

### दुकान गया युवक अचानक हुआ लापता

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। घर से दुकान गया युवक रहस्यमय ढंग से कही लापता हो गया तमाम तरह से खोजबीन के बाद पता ना चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी गई पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हुई है। बांगरमऊ के गांव रतई पुरवा निवासी 22 वर्षीय प्रेमचंद पुत्र मनीराम क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित गांव लोहान पुरवा के निकट एक दुकान किराए पर लेकर उसमें फास्टफूड की चटनी आदि बनाने का कारोबार करता है परिजनों की मुताबिक सोमवार की शाम को वह बाइक से दुकान पहुंचा जिसके बाद वह कुछ कार्य निपटाया किंतु देर शाम वह अचानक कही लापता हो गया देर शाम तक घर ना पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की तथा तमाम नाते रिश्तेदारी व संभावित ठिकानों पर खोजबीन की किंतु कही सुराग नहीं चल सका आहत परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने कहा है मामले की रिपोर्ट दर्ज खोजबीन हेतु प्रयास किए जा रहे है। वही चर्चा है मंगलवार को ही युवक के परिवार का गांव में कुछ विपक्षियों के साथ ही विवाद हुआ था जिसमें से दोनों पक्ष पुलिस के पास पहुंचे जिसपर पुलिस ने मारपीट के बाद चोटिलो का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया इस विवाद के बाद अचानक उसके लापता होने से परिजन कोई अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए रोने के लिए विवस है बीती देर रात से युवक के घर में मातम की स्थित बनी हुई है।

### एसआईआर कार्यक्रम के तहत नोटिस की वितरण

बीघापुर, उन्नाव।तहसील परिसर में निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार रकफ कार्यक्रम के तहत नोटिस वितरण कर उनकी सुनवाई की गई। इस कार्य हेतु तहसील परिसर में कुल 08 व संपूर्ण विधानसभा 166 भगवंतनगर में 13 स्थानों पर मतदाताओं की सुनवाई की गई। तहसील परिसर में न्यायालय उपजिलाधिकारी/तहसीलदार/नायब तहसीलदार/ चकबंदी कार्यालय/ उपनिबंधक कार्यालय कक्ष में उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार गणेश सिंह, नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, प्रभात उपनिबंधक बीघापुर आदि द्वारा सुनवाई की गई

## उम्मीद परियोजना के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की द्वितीय बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुँच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्ग दर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की द्वितीय बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जहां बैठक में विधा वार परिवार नियोजन की उपलब्धता एवं आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान पर पर चर्चा की गई।बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उपस्थिति सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियो से अपील की गई कि परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है।पोपुलेशन फाउंडेशन से सुश्री शिल्पा नायर ने परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच सामुदायिक स्तर पर पहुंचने पर जोर दिया। वहीं इंतजार अहमद जिला कार्यक्रम अधिकारी ने स्वास्थ्य इकाईयों में परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता व उम्मीद परियोजना का उददेश्य जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना आरोग्य मंदिर और उप केंद्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना व्यवहार परिवर्तन (एसबीसीसी) टूल और जॉब एड्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए उनके कौशल में सुधार करना और समुदायों के बीच परिवार कल्याण जागरुकता और स्वीकृति बढ़ाना है। इसके साथ ही कम उम्र में विवाह नए तरीकों और पुरुष सहभागिता सहित गर्भ निरोधक विकल्पों के बारे में जागरुक करना है।बैठक मे मुख्य रुप से डॉ जे आर सिंह, ज्योति भूषण पांडे, सुश्री रानू कटियार व बीसीपीएम इसहाक अली, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर जन चौपाल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव।तहसील क्षेत्र के औझारपुर मजरा खोखापुर गांव में बुधवार को ग्राम पंचायत स्तर पर जन समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जन चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल का आयोजन युवा ग्राम प्रधान अभिज्ञान तिवारी के नेतृत्व में किया गया, जिसकी अधिकारियों ने सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने की। जन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की और अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा।

उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव स्तर पर ही जनता की समस्याओं का समाधान हो, ताकि ग्रामीणों को तहसील या जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। एसडीएम ने अधिकारियों को किसी भी शिकायत को लंबित न रखने के निर्देश देते हुए जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा। जन चौपाल में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को पोषण किट का वितरण भी किया गया, जिससे लाभार्थियों में खुशी देखी गई। शिक्षा विभाग की ओर से खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह ने परिषदीय विद्यालयों में संचालित योजनाओं, नामांकन अभियान, छात्रवृत्ति योजना तथा मध्यान्ह भोजन योजना की विस्तृत जानकारी दी और बच्चों के नियमित विद्यालय आने पर जोर दिया। वहीं पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान, शौचालय निर्माण एवं ग्राम विकास से जुड़ी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस जन चौपाल में नायब तहसीलदार, एडीओ पंचायत छोटेलाल, ग्राम पंचायत सचिव सिद्धांत वर्मा तथा खोखापुर के ग्राम प्रधान अभिज्ञान तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नदी में पड़ा मिला अज्ञात युवती का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर भदनी नदी में एक युवती का शव पडा हुआ देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं होने पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। माखी थाना क्षेत्र के कोरारी कला गांव के पास स्थित भदनी नदी में ककरहा के पास नदी में पानी के बीच 20 से 22 साल की युवती का शव पड़ा हुआ मिला मृतका हाफ जाकेट चेकदार शर्ट पहने हुए थी शव दो सप्ताह पुराना लग रहा है जोकि सड गल गया पुलिस ने मृतका की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान नही हो सकी है शव दस से



बारह दिन पुराना लग रहा है शव को पहचान के लिए जिला अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया गया है और पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।

## हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।तहसील क्षेत्र के कस्बा भगवंतनगर के आरआर बीएनइंटर कॉलेज में बुधवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र ने हिंदुत्व की भावना पर जोर देते हुए कहा हिंदू समाज को एकजुट करने, सामाजिक सद्भाव बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए आयोजित होने वाली सभाये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में आयोजित कर रहा है। इन सभाओं का उद्देश्य सामाजिक बुराइयों को दूर कर एक साझा हिंदू पहचान बनाने पर केंद्रित हैं। सनातन धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देकर, बच्चों को संस्कारित कर और आधुनिक जीवन में प्रासंगिकता पर चर्चा कर देश में हिन्दू संप्रभुता को बढ़ाना है। बक्सर से पधारे श्याम शरण जी महाराज ने भारतीय संस्कृति को महान बताते हुए हिंदुत्व पर बल दिया।कार्यक्रम का संचालन संकठा प्रसाद दीक्षित ने किया जबकि अध्यक्षता राम शरण दास जी महाराज ने की।इस मौके पर भाजपा नेता आशू बाजपेयी,मानवेन्द्र सिंह,आर के सिंह मामा आशीष बाबा,विनय सिंह,राजेश तिवारी ,महेश गुप्ता,नंदू बाजपेयी,र मेश चंद्र तिवारी,कुलदीप सिंह,राजेश बहादुर सिंह,विश्वदीप शुक्ला, सहितसैकड़ो श्रोता उपस्थित रहे।

## स्कूल निकले बच्चों के अचानक गायब होने से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।असोहा थाना क्षेत्र के भाऊ मऊ निवासी अपर्णा शर्मा पत्नी आशीष के दो बच्चे प्रतिदिन की भांति बुधवार सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकले थे लेकिन वह स्कूल ना जाकर सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गोमापुर बाजार की तरफ चले गए और दोनों बैग जंगल में छुपा दिया स्कूल न पहुंचने की जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया व माता-पिता ने इसकी सूचना डायलॉग 112 को दी स्कूली बच्चों के गायब होने की सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए और आनंन फानन पुलिस बच्चों के खोजने में लग गई बताते हैं कि दोनों बच्चे लक्ष्य उम्र लगभग 14 वर्ष संस्कार उम्र लगभग नव वर्ष दोनों सगे भाई हैं तथा क्षेत्र के सरवैया स्थित सूर्यकांत त्रिपाठी इंटर कॉलेज के छात्र हैं बच्चों के गायब होने की सूचना पर थाना प्रभारी फूल ने तत्काल पुलिस को हरकत में किया इसी बीच में बताते हैं किसी दूध बेचने वाले दूधिया के द्वारा पुलिस को दो बच्चों के सड़क से जाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर आनंन फानन असोहा पुलिस ने बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया सिपाही फौजी ने संवाददाता को बतायाकी पूछने पर बच्चों ने अपने-अपने बैग जंगल में छुपाने की बात स्वीकार जहां से दोनों के बैग बरामद कर लिए गए तथा दोनों बच्चों को माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया तत्काल बच्चों के बरामदगी को लेकर क्षेत्र वासियों ने पुलिस की सराहना की वही बरामदगी से पुलिस ने राहत की सांस ली

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ग्राम प्रधान पति को मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरा और बाइक के परखच्चे उड़ गए। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।यहां के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सीमावर्ती जनपद कानपुर नगर के थाना बिल्हौर अंतर्गत ग्राम नानामऊ निवासी गुलाब सिंह 35 वर्ष पुत्र स्व करन सिंह बीते मंगलवार को देर रात किसी आवश्यक कार्य हेतु बाइक से बांगरमऊ की ओर आ रहे थे। तभी करीब 11 बजे बांगरमऊ- बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम भुड्डा चौराहा के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह जमीन पर गिरकर लहूलुहान हो गए। चौराहे पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 पीआरवी घटनास्थल पर जा पहुंची और घायल गुलाब सिंह को बेहोशी की हालत में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताते हैं कि गुलाब सिंह की पत्नी खुशबू मौजुदा ग्राम प्रधान हैं। पति की अचानक मौत से पत्नी खुशबू पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और दो अबोध बेटों युग 10 वर्ष और युवराज 8 वर्ष के सिर से पिता का साया छिन गया। प्रधान पति की आकस्मिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि प्रधान पति के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। मार्ग पर स्थित मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर टक्कर मारने वाले वाहन को चिंहित किया जा रहा है। जल्द ही वाहन और उसके चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध रूप से मिट्टी बेच रहे ट्रैक्टर ट्राली जब्त, चालक फरार

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।खनन माफिया एसडीएम कार्यालय से आधार पर परमिट जारी कराने के बाद अवैधानिक रूप से मिट्टी की बिक्री का धंधा करने में जुटे हैं।आज कोतवाली पुलिस ने मिट्टी की अवैध बिक्री कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया।पुलिस को आता देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। कोतवाली के उपनिरीक्षक अनिल कुमार साहू पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम फतेहपुर खालसा निवासी वसीम पुत्र माजिद द्वारा उपजिलाधिकारी कार्यालय से किसानों के निजी उपयोग के लिए फावड़े से खुदाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी ढुलाई हेतु परमिट जारी कराया गया है और परमिट का दुरुपयोग कर मिट्टी की अवैध बिक्री ग्राम नेवल स्थित कोल्ड स्टोर के भरान में की जा रही है। सूचना पर दरोगा अनिल कुमार साहू ने कोल्ड स्टोरेज से एक मिट्टी लदा बगैर नंबर प्लेट का महिन्द्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ लिया। पुलिस को देखकर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को चालू हालत में छोडकर भाग निकला। पुलिस को मौके पर करीब 15 ट्राली मिट्टी डंप मिली। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर थाने में दाखिल करा दिया है और रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी है।

## योगी की पाती डॉ रचना सिंह ने बाँची

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी अपनी 'योगी की पाती' के माध्यम से अपने प्रदेशवासियों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं जिसमें वे विभिन्न मुद्दों जैसे साइबर अपराध से बचाव,सड़क सुरक्षा व अक तथा तकनीकी शिक्षा के महत्व पर जनता को जागरूक कर रहे हैं। शीतकालीन अवकाश के बाद विद्यालय पुनः बच्चों के लिए खुल गए हैं।बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए शिक्षक घर- घर संपर्क कर रहे हैं।ऐसे में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट की शिक्षिका डॉ रचना सिंह ने अपने शिक्षक साथियों के साथ मिलकर बच्चों के घरों में संपर्क किया।उन्होंने वहां चौपाल लगा लोगों को मुख्यमंत्री योगी जी की पाती से अवगत कराया।उन्होंने योगी जी की पाती की प्रतियों की छायाप्रति निकलवाकर गांव में सभी के घरों में वितरित की।डॉ रचना सिंह ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जानहानि को देखकर अत्यंत दुखी हैं।सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और शोक संतप्त परिवार पीछे छूट जाता है।ऐसी स्थितियां न हों इसके लिए प्रदेश भर में 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।अपनी पाती में मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों से यातयात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।उन्होंने अपनी पाती में प्रदेशवासियों से तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने,नशे में गाड़ी न चलाने की बात की। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की।अपनी पाती में उन्होंने प्रदेशवासियों से पैदल चलने वालों का अत्यधिक ध्यान रखने तथा उनके प्रति संवेदनशील रहने की अपील की।उन्होंने विश्वास जताया कि सभी प्रदेशवासी सड़कों को सुगम सुरक्षित बनाने में तथा नियमों का पालन करने में सहयोग करेंगे। डॉ रचना सिंह ने सभी नवयुवकों, अभिभावकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

## कंबल वितरण व स्वास्थ्य शिविर से मिला जरूरतमंदों को सहारा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत सोहरामऊ में ग्राम प्रधान अभ्येंद्र सिंह की जनसेवा एक बार फिर मिसाल बनकर सामने आई है।कड़ाके की ठंड को देखते हुए उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन कराया। इसके साथ ही ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कंबल पाकर लाभार्थियों ने ग्राम प्रधान अभ्येंद्र सिंह को आशीर्वाद और दुआएं दीं। आयोजन के दौरान क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों एवं पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।कार्यक्रम में उपस्थित एक महिला ने कहा कि पैसा होना अलग बात है, लेकिन जरूरतमंदों की मदद करना बड़ी बात है। प्रधान अभ्येंद्र सिंह से ऐसे कार्य सीखने चाहिए। मैं उन्हें दिल से आशीर्वाद देती हूं कि वे आगे बढ़कर इसी तरह समाज की सेवा करते रहें।इस अवसर पर मोहन विधायक बृजेश कुमार रावत, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, जिला प्रतिनिधि राजेंद्र द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि शिवपाल लोधी, प्रधान दीपू सिंह, पूर्व प्रधान कालीचरण तिवारी, शत्रुघ्न मिश्रा, संजय शर्मा, सोनू सिंह, मोनू सिंह, अनुज सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अर्पित मिश्रा, अभयेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अभ्येंद्र सिंह के इस जनकल्याणकारी प्रयास की खुले दिल से सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## पास्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने महिला संबंधी अपराध में आरोपी युवक को हिरासत में लिया है।थाना पुलिस ने विधिक करवाई के बाद युवक को न्यायालय भेजा है। मंगलवार शाम लगभग सात बजे मुखबिर से मिली सूचना पर उपनिरीक्षक प्रेम प्रकाश दीक्षित ने काली मिट्टी चौराहे के समीप उन्नाव हरदोई मार्ग पर हफीजाबाद की तरफ महिला संबंधी अपराध में वांछित क्षेत्र के ग्राम पंचायत महपरा पुर के मजरा उधुमखेड़ा निवासी लगभग 24 वर्षीय घनश्याम पुत्र खेमराज को हिरासत में लिया है।घनश्याम पॉक्सो सहित कई धाराओं में वांछित है।थाना पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## शिक्षक समायोजन के खिलाफ रात भर अनशन

### दिन में भी नारेबाजी जारी, शिक्षक समायोजन का कर रहे हैं विरोध

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,शिक्षक समायोजन के विरोध में संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति का अनशन रात भर जारी रहा।प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने दिन में भी नारेबाजी की।उनकी मुख्य मांग है कि समायोजन प्रक्रिया को रद्द कर न्यायसंगत और पारदर्शी तरीके से पुनः शुरू किया जाए।जनपद में हुए शिक्षक समायोजन में अनियमितताओं के खिलाफ यह आंदोलन अब तेज हो गया है। इससे पहले भी समिति के पदाधिकारी अपनी मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय पर प्रदर्शन कर चुके हैं।



इस अनशन में भावलखेड़ा, सिंधौली, कांट और जैतीपुर समेत जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शिक्षकों ने समायोजन प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं को उजागर करते हुए जोरदार नारेबाजी की और पूरी रात अनशन स्थल पर डटे रहे।इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेंद्र मौर्या और खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र सिंह को अनशन स्थल पर भेजकर आंदोलन समाप्त करने की अपील की।हालांकि, शिक्षकों ने पूरी समायोजन प्रक्रिया को रद्द करने की अपनी मांग पर दृढ़ता से अड़े रहे।इसके बाद बीएसए दिव्या गुप्ता ने शिक्षक प्रतिनिधिमंडल को बीएसए सभागार में वार्ता के लिए आमंत्रित किया।वार्ता के दौरान शिक्षक प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जनपद में किया गया समायोजन न्यायालय के आदेशों, शासनादेशों और विभागीय निदेर्शों का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की कि संपूर्ण समायोजन आदेश निरस्त किया जाए और खंड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षक संघ प्रतिनिधियों की सहभागिता से न्याय पंचायत स्तर पर पारदर्शी ढंग से प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाए। वरिष्ठता सूची और विद्यालयों की सूची सार्वजनिक करने की भी मांग की गई। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि समायोजन रद्द कर न्यायसंगत एवं पारदर्शी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## सम्पादकीय

# जनहित को राजनीति से ऊपर रखें राज्य सरकारें

भारत का संघीय लोकतंत्र केंद्र और राज्यों के सहयोग पर आधारित है। संविधान की मूल भावना यह है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर जनता के हित में काम करें और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, लेकिन बीते कुछ वर्षों में यह सहयोग कई बार राजनीतिक टकराव में बदलता दिखाई देता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य में केंद्र सरकार की योजनाएं लागू नहीं की जा रहीं, जिससे लोग उनके लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। यह आरोप केवल बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु और पंजाब जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों पर भी केंद्र की योजनाओं की अनदेखी के आरोप लगते रहे हैं। इससे पहले दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार और केंद्र के बीच भी नीतियों को लेकर लगातार खींचतान देखने को मिली थी। केंद्र सरकार की योजनाएं देश के सभी नागरिकों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन या किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का उद्देश्य यह है कि सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक सरकारी मदद पहुंचे। इन योजनाओं के लिए धन पूरे देश के करदाताओं से आता है। ऐसे में यदि कोई राज्य सरकार राजनीतिक कारणों से इन्हें लागू नहीं करती या आधे-अधूरे मन से लागू करती है, तो यह सीधे-सीधे जनता के अधिकारों पर चोट है। गैर-भाजपा शासित राज्यों का तर्क अक्सर यह होता है कि केंद्र योजनाओं के नाम पर राज्यों पर अपनी नीतियां थोपना चाहता है, या फिर वह राज्यों को पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं देता। कुछ राज्यों का यह भी कहना है कि उनके पास पहले से बेहतर या समानांतर योजनाएं मौजूद हैं, इसलिए वे केंद्र की योजनाओं को लागू करना जरूरी नहीं समझते। यह तर्क कुछ हद तक समझ में आता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इन राजनीतिक और प्रशासनिक मतभेदों की कीमत आम जनता को चुकानी चाहिए? हकीकत यह है कि जब केंद्र और राज्य सरकारें आमने-सामने खड़ी हो जाती हैं, तो सबसे ज्यादा नुकसान गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और बच्चे उठाते हैं। यदि किसी राज्य में स्वास्थ्य योजना लागू नहीं होती, तो उसका खामियाजा बीमार और असहाय व्यक्ति को भुगतना पड़ता है। अगर आवास या पोषण से जुड़ी योजनाएं रोकी जाती हैं, तो उसका असर सीधे जीवन स्तर पर पड़ता है। आम नागरिक के लिए यह मायने नहीं रखता कि योजना केंद्र की है या राज्य की, उसके लिए अहम यह है कि मदद समय पर मिले। प्रधानमंत्री द्वारा बंगाल में ममता सरकार पर किया गया हमला इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। राज्य सरकारों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में सत्ता अस्थायी होती है, लेकिन जनता की जरूरतें स्थायी। जनभावना से राजनीति को दूर रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि किसी योजना में खामियां हैं, तो उसे बेहतर बनाने के लिए केंद्र से संवाद किया जाना चाहिए, न कि उसे पूरी तरह ठुकरा दिया जाए। राज्य चाहें तो योजनाओं में स्थानीय जरूरतों के अनुसार बदलाव करें, उनका नाम बदलें या उन्हें अपनी योजनाओं के साथ जोड़ें, लेकिन लाभ लोगों तक पहुंचना चाहिए। कुल मिलाकर लोकतंत्र की सफलता इसी में है कि केंद्र और राज्य मिलकर काम करें। राजनीति अगर जनहित पर भारी पड़ेगी, तो उसका नुकसान पूरे देश को उठाना पड़ेगा।

# आखिर क्या हैं पेयजल संकट के उपाय



जनसमस्या

सुशील देव

**ग्रामीण भारत से लेकर महानगरों तक, पेयजल की समस्या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रही। कई गांवों में आज भी हैंडपंप सूख चुके हैं या उनका पानी फ्लोराइड, आर्सेनिक और आयरन जैसे खतरनाक तत्वों से दूषित है। शहरी इलाकों में पाइपलाइन से पानी तो आता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता संदिग्ध रहती है। गरीब बस्तियों में लोग मजबूरी में गंदा पानी पीने को विवश हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। नीति आयोग की कई रिपोर्ट बताती हैं कि देश की बड़ी आबादी गंभीर जल संकट से जूझ रही है। साफ पानी केवल सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की हालिया घटना ने हर किसी को साफ पेयजल के मसले पर सोचने को मजबूर किया है। यह कड़वा सच है कि देश के कई हिस्सों में आज भी जनता को साफ और सुरक्षित पीने का पानी नसीब नहीं है। यह स्थिति उस भारत में है, जो चंद्रयान से लेकर डिजिटल क्रांति तक अपनी उपलब्धियों पर गर्व करता है। साफ पानी जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है, लेकिन दुर्भाग्यवश यह जरूरत करोड़ों लोगों के लिए अब भी एक सपना बनी हुई है। सरकारें बदलती रहीं, योजनाएं आती-जाती रहीं, पर जमीनी हकीकत यह है कि सरकारी उदासीनता और नीतियों के कमजोर क्रियान्वयन ने पेयजल संकट को और गहरा ही किया है।

ग्रामीण भारत से लेकर महानगरों तक, पेयजल की समस्या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रही। कई गांवों में आज भी हैंडपंप सूख चुके हैं या उनका पानी फ्लोराइड, आर्सेनिक और आयरन जैसे खतरनाक तत्वों से दूषित है। शहरी इलाकों में पाइपलाइन से पानी तो आता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता संदिग्ध रहती है। गरीब बस्तियों में लोग मजबूरी में गंदा पानी पीने को विवश हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। नीति आयोग की कई रिपोर्ट बताती हैं कि देश की बड़ी आबादी गंभीर जल संकट से जूझ रही है। बावजूद इसके इस संकट को राजनीतिक प्राथमिकता के रूप में नहीं देखा गया। चुनावी भाषणों में बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही पेयजल जैसे मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं। पेयजल संकट के लिए प्राकृतिक कारणों को जिम्मेदार ठहराना आसान है, लेकिन सच यह है कि सरकारों की उदासीनता ने इस समस्या को और विकराल बनाया है। कई राज्यों में जलापूर्ति से जुड़ी योजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं। कहीं बजट की कमी का रोना है, तो कहीं भ्रष्टाचार और लाल फीताशाही ने योजनाओं की गति रोक रखी है। ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं का हाल यह है कि नल तो लगा दिए गए, लेकिन उनमें पानी नहीं है। "हर घर नल से जल" जैसे अभियानों की घोषणाएं भले ही प्रभावशाली हों, पर अनेक गांवों में ये योजनाएं केवल सरकारी फाइलों और आंकड़ों तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर न तो नियमित जल आपूर्ति है और न ही गुणवत्ता की प्रभावी जांच।

भारत में जल से जुड़ी नीतियों की कमी नहीं है। समस्या उनके क्रियान्वयन की है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल प्रबंधन से संबंधित कानून और दिशा-निर्देश मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन कराने की इच्छाशक्ति का अभाव है। शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन को अनिवार्य करने के नियम बने, पर अधिकतर भवनों में इनका पालन नहीं होता। औद्योगिक इकाइयां नदियों और जलस्त्रोतों में बेधड़क प्रदूषित पानी छोड़ रही हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या तो मूकदर्शक बने रहते हैं या कार्रवाई के नाम पर औपचारिकताएं निभाई जाती हैं। नतीजा यह है कि जो पानी उपलब्ध है, वह भी पीने योग्य नहीं रह गया। साफ पेयजल की कमी का सबसे बड़ा असर गरीब और वंचित तबकों पर पड़ता है। दूषित पानी से डायरिया, टाइफाइड, पीलिया जैसी बीमारियां आम हैं। हर साल हजारों बच्चे केवल इसलिए अपनी जान गंवा देते हैं क्योंकि उन्हें स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। यह एक गंभीर मानवीय संकट है, जिसे अक्सर आंकड़ों



में छिपा दिया जाता है। सामाजिक दृष्टि से भी जल संकट असमानता को बढ़ाता है। जिनके पास पैसे हैं, वे बोतलबंद पानी या टैंकर खरीद लेते हैं, लेकिन गरीबों के पास कोई विकल्प नहीं होता।

कई जगहों पर पानी को लेकर सामाजिक तनाव और टकराव की स्थिति बन रही है, जो भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार दोनों पर है। केंद्र सरकार योजनाएं बनाती है, बजट आवंटित करती है, लेकिन राज्यों में उनके क्रियान्वयन की स्थिति अक्सर निराशाजनक रहती है। कई बार राजनीतिक खींचतान के कारण भी योजनाएं प्रभावित होती हैं। जल जैसे संवेदनशील विषय पर भी राजनीति हावी हो जाती है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। स्थानीय निकायों और पंचायतों को पर्याप्त अधिकार और संसाधन नहीं दिए जाते, जबकि जल प्रबंधन में उनकी भूमिका सबसे अहम हो सकती है, क्योंकि बिना स्थानीय सहभागिता के कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। सरकार अक्सर संकट के समय तात्कालिक उपायों का सहारा लेती हैं। टैंकर भेज दिए जाते हैं, बोरिंग करवा दी जाती है, लेकिन ये समाधान स्थायी नहीं हैं। दीर्घकालिक योजना और गंभीरता का अभाव साफ झलकता है। जल संरक्षण और स्त्रोतों के पुनर्जीवन पर जितना काम होना चाहिए था, उतना नहीं हुआ। पेयजल संकट से निपटने के लिए सबसे पहले सरकार को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। नीतियों को कागज से निकालकर जमीन पर उतारना होगा। योजनाओं की नियमित निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही तय करनी होगी। जल की गुणवत्ता की जांच और उसके सार्वजनिक आंकड़े उपलब्ध कराए जाने चाहिए। साथ ही, जनता की भागीदारी भी जरूरी है। अभी तक हम पानी का उपयोग अनुशासित ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।

जरूरत से ज्यादा पानी का नुकसान करना तो जैसे हमारी आदत बन गई हो। ऐसे में हमारी भावी पीढ़ी के लिए भी जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसके लिए हमें कई कदम उठाने होंगे; जैसे घरेलू स्तर पर जल का उचित व संयमित उपयोग एवं उद्योगों में पानी के चक्रीय उपयोग जल संरक्षण में सहायक हो सकते हैं। इस्तेमाल किए हुए पानी का फिर से शौचालयों अथवा बगीचों में फिर से इस्तेमाल और रिसाइकिलिंग करके जल का सदुपयोग कैसे करना है, इस दिशा में जन-जागरूकता बढ़ायी जाए। वर्षा-जल का संग्रहण करके हम पानी को बचा सकते हैं। विभिन्न जलाशयों का निर्माण करके उनमें जल संग्रह करना जल संसाधन का सबसे पुराना उपाय है, इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। भूमिगत जल संरक्षण के लिए भूमिगत जल का कृत्रिम रूप से पुनर्भरण किया जा सकता है टपकन टैंक/ड्रिप/स्प्रिंकल सिंचाई के उपयोग से सिंचाई जल के संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है।वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को जन आंदोलन का रूप देना होगा। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में पेयजल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन, विकास और सामाजिक न्याय से जुड़ा बुनियादी प्रश्न है। देश में साफ पेयजल की समस्या केवल संसाधनों की कमी का सवाल नहीं है, बल्कि यह शासन की संवेदनशीलता और नीतिगत ईमानदारी की भी परीक्षा है। सरकार की उदासीनता और क्रियान्वयन में लापरवाही ने इस संकट को बढ़ाया है, इसमें कोई संदेह नहीं। यदि अब भी चेतने का समय नहीं आया, तो आने वाले वर्षों में जल संकट एक भयावह सामाजिक और मानवीय त्रासदी का रूप ले सकता है। साफ पानी केवल सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार हैं और इसे सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

## दिवस विशेष

सुनील कुमार महला



# प्राकृतिक आपदाओं के बीच एनडीआरएफ की भूमिका

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का स्थापना दिवस 19 जनवरी को मनाया जाता है, क्योंकि वर्ष 2006 में इसी दिन एनडीआरएफ का गठन किया गया था। यह बल प्राकृतिक व मानव-निर्मित आपदाओं में राहत और बचाव कार्य के लिए जाना जाता है। एनडीआरएफ का आदर्श वाक्य 'आपदा सेवा सदैव सर्वत्र' है, जिसका अर्थ है-'किसी भी आपदा में, हमेशा और हर जगह सेवा के लिए तत्पर।' प्राकृतिक व मानव-निर्मित आपदाएं वे घटनाएं हैं जो व्यापक स्तर पर जीवन, संपत्ति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। भूकंप, बाढ़, सूखा, चक्रवात, तूफान, भूस्खलन, हिमस्खलन, जंगल की आग, सुनामी, बादल फटना, लू और शीत लहर आदि प्राकृतिक आपदाएं तथा औद्योगिक दुर्घटनाएं, रासायनिक/गैस रिसाव, परमाणु दुर्घटनाएं, आग लगना, इमारत या पुल गिरना, तेल रिसाव, खनन हादसे, रेल-सड़क-हवाई दुर्घटनाएं, आतंकवादी हमले और युद्ध मानव-निर्मित आपदाएं हैं। वास्तव में प्राकृतिक आपदाएं प्रकृति की प्रक्रियाओं के कारण होती हैं, जिन पर मानव का सीधा नियंत्रण नहीं होता, वहीं दूसरी ओर मानव-निर्मित आपदाएं मानवीय गतिविधियों, लापरवाही या तकनीकी विफलताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

संक्षेप में कहें तो जहां एक ओर प्राकृतिक आपदाएं प्रकृति से आती हैं, वहीं, दूसरी ओर मानव-निर्मित आपदाएं मानव की गलतियों या क्रियाओं का परिणाम होती हैं। दोनों ही हमारे समाज, देश व अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डालती हैं। वास्तव में आपदा प्रबंधन राष्ट्रीय प्राथमिकता है और भारत सरकार ने देश में आपदाओं से निपटने की व्यवस्था को आधुनिक और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अगस्त 1999 में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया। बाद में गुजरात भूकंप की विभीषिका को देखते हुए एक राष्ट्रीय समिति भी बनाई। इन समितियों का मुख्य लक्ष्य केवल राहत कार्य तक सीमित न रहकर, भविष्य की आपदाओं के लिए ठोस पूर्व-तैयारी करना और नुकसान को कम करने के लिए एक प्रभावी सरकारी ढांचा तैयार करना था। इन पहलों का उद्देश्य भारत में आपदा प्रबंधन को एक व्यवस्थित और वैज्ञानिक रूप देना था ताकि जान-माल की क्षति को न्यूनतम किया जा सके। दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-07) के दस्तावेज़ में पहली बार, आपदा प्रबंधन पर एक विस्तृत अध्याय जारी किया गया था और अंततः 23 दिसंबर, 2005 को भारत सरकार द्वारा 'आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005' को अधिनियमित किया गया, जिसके तहत 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' (एन.डी.एम.ए.) एवं 'राष्ट्रीय आपदा मोचन बल' (एन.डी.आर.एफ.) का गठन किया गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) भारत में आपदा प्रबंधन के लिए गठित एक सर्वोच्च संस्था है, जिसकी स्थापना 'आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005' के अंतर्गत की गई थी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कार्य करने वाला यह निकाय देश में आपदाओं से निपटने के लिए मुख्य नीतियां, योजनाएं और दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु उत्तरदायी है। इसका प्राथमिक उद्देश्य एक ऐसी एकीकृत और रणनीतिक प्रणाली विकसित करना है, जो संकट के समय समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर जान-माल के नुकसान को न्यूनतम कर सके। वास्तव में इस संस्था का मुख्य लक्ष्य आधुनिक तकनीक और सभी वर्गों की भागीदारी के माध्यम से भारत को आपदाओं के प्रति सुरक्षित और सक्षम बनाना है। यह केवल संकट आने का इंतजार करने के बजाय पहले से सतर्क रहने (प्रो-एक्टिव) और विकास कार्यों को आपदा-रोधी बनाने की रणनीति पर ज़ोर देती है। इसका उद्देश्य समाज में एक ऐसी संस्कृति विकसित करना है, जहां आपदाओं को रोकने, उनकी पूर्व-तैयारी करने और उनके प्रभाव को कम करने (शमन) को प्राथमिकता दी जाए, ताकि देश का विकास टिकाऊ बना रहे। बहरहाल, बता दें कि वर्तमान में एनडीआरएफ में कुल 16 बटालियन हैं। प्रत्येक बटालियन में लगभग 1,149 कर्मी होते हैं। दरअसल, एनडीआरएफ एक विशेषज्ञ बल है जिसमें भारत के विभिन्न केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) से जवानों को प्रतिनियुक्ति (डेपटेशन) पर लिया जाता है।

## यमदूतों को देख डर जाता है व्यक्ति



संकलित

दर्शन

गरुड़ पुराण में मृत्यु के बाद के रहस्य, आत्मा की यात्रा, पाप-पुण्य, स्वर्ग और नरक के बारे में विस्तार से बताया गया है। संसार का ये नियम अटल है कि जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु भी तय है। जन्म और मृत्यु दो वो छोर हैं, जिनकी प्रक्रियाएं एक दूसरे से बहुत अलग हैं। गरुड़ पुराण के अनुसार, मृत्यु के समय व्यक्ति के शरीर में जो हलचल होती है वो उसके कर्मों और उसकी मानसिक स्थिति पर निर्भर करती है। गरुड़ पुराण में आंखों के पलटने के पीछे कुछ प्रमुख वजहें बताई गई हैं, जिस व्यक्ति को जीवनकाल में सांसारिक सुखों, धन-संपत्ति और परिवार का अधिक मोह रहता है, उसके लिए प्राण त्यागना बहुत कष्टकारी होता है। गरुड़ पुराण कहता है मृत्यु के पास आने पर भी ऐसा व्यक्ति संसार नहीं छोड़ना चाहता। उसमें जीने की इच्छा रहती है। यही इच्छा उसे शरीर से बांधकर रखती है, इसलिए जब शरीर से प्राण खींचे जाते हैं, तो आंखें ऊपर की ओर उलट जाती हैं। वहीं शास्त्रों में बताया गया है कि जब यमदूत आत्मा को लेने आते हैं, तो उनका स्वरूप देखकर मरणासन्न व्यक्ति डर जाता है। वो कुछ कहना चाहता है, लेकिन उसकी आवाज गले में अटक जाती है। डर में उसकी पुतलियां फैल जाती हैं और आंखें उलट जाती है. यमदूत जब बल से आत्मा को शरीर से निकालते हैं, तो भी ऐसी अवस्था हो जाती है, वहीं जब प्राण मस्तक या आखों से निकलते हैं, तो भी आंखें पलट जाती हैं।

## अपनी बुराई सुनकर परेशान न हों



संकलित

प्रेरणा

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क पर मवेशी

राजधानी रायपुर में आवारा कुत्तों के साथ ही अब मवेशी लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। रायपुर में जिस ओर भी जाएं, सड़क पर मवेशी नजर आते हैं। नगर निगम का अमला कुछ दिन कार्रवाई करता है और शांत हो जाता है। ऐसे में सड़क पर चलने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है। आए दिन सड़क हादसे की वजह सड़क पर मवेशी बनते हैं।

*-शाहिन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर एक्शन



डबल इंजन सरकार बनते ही पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही मतुआ और नामशूद्र जैसे शरणार्थियों को पूरी सुरक्षा देकर उनकी बस्तियों में विकास को गति दी जाएगी, ये मोदी की गारंटी है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नाकाम व्यवस्था दोषी



माघमेला क्षेत्र में इस साल फिर से साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य है। प्रश्न ये है कि ऐसी घटनाए भाजपा की सरकार में ही क्यों हो रही हैं। इस अवस्था के लिए भाजपा का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना



वाराणसी में अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को हटाने की खबर से समाज के एक बड़े वर्ग में काफी रोष व आक्रोश व्याप्त है। इस अति-दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### जनता पर विश्वास



हमें पूरा विश्वास है कि तमिलनाडु की जनता आरएसएस-भाजपा की कट्टरता, सांप्रदायिकता और भेदभावपूर्ण राजनीति के बजाय समानता, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और सुशासन को चुनेगी। कांग्रेस जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### गैलेक्सीआई 'मिशन दृष्टि' के लिए तैयार

अंतरिक्ष क्षेत्र का स्टार्टअप गैलेक्सीआई अपनी तरह के पहले उपग्रह को प्रक्षेपित करने की तैयारी में है जो 'ऑप्टिकल' और 'रडार सेंसर' से प्राप्त आंकड़ों को एकीकृत कर पृथ्वी की तस्वीरें तैयार करेगा। इन तस्वीरों का उपयोग रक्षा से लेकर कृषि तक कई क्षेत्रों में किया जा सकेगा। स्टार्टअप की इस वर्ष की पहली तिमाही में 'मिशन दृष्टि' नामक बहु-संवेदी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को प्रक्षेपित करने और 2030 तक इसे 10 उपग्रहों के एक समूह में विस्तारित करने की योजना है। गैलेक्सीआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुयश सिंह ने कहा, मिशन दृष्टि वैश्विक स्तर पर पहला ऐसा उपग्रह है.



## ऑफ बीट

### 'काजीरंगा कॉरिडोर' से वन्यजीवों की होगी सुरक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को जिस 'काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर' परियोजना की आधारशिला रखेंगे, उसका उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीवों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और 'इकोटूरिज्म' को बढ़ावा देना है। 'इकोटूरिज्म' से तात्पर्य प्राकृतिक क्षेत्रों में ऐसे पर्यटन से है जिससे स्थानीय वन्य जीवन एवं पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके और उन्हें लाभ पहुंचे। मोदी ने कहा कि 6,957 करोड़ रुपये की यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर दुर्घटनाओं को कम करने में भी मदद करेगी।



## संक्षेप

### रोमांचक लीग मुकाबले में सेमरहन ने दांदव को 30 रन से हराया

महराजगंजतराई (बलरामपुर) स्वर्गीय अमरेश बहादुर सिंह ग्राउंड पर चल रहे क्रिकेट टूनामेंट में एससीसी सेमरहन व दांदव सुपर किंग के बीच चौथा लीग मुकाबला खेला गया। जिसमें एससीसी सेमरहन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एससीसी सेमरहन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.5ओवर में 142 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। एससीसी सेमरहन की तरफ से पहले बल्लेबाजी करते हुए नितिन ने 9 चौका व 6 छक्के की मदद से 82 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली नितिन की 82 रन की पारी के बदौलत एससीसी सेमरहन ने दांदव सुपर किंग को 142 रन का विशाल स्कोर का लक्ष्य दिया ।दांदव सुपर किंग की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए प्रभात ने महज तीन ओवर में 41 रन देकर 5 विकेट हासिल किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दांदव सुपर किंग एससीसी सेमरहन के गेंदबाजो का सामना नहीं कर पाई जिससे11.2 ओवर में महज 112 रन बना कर ऑल आउट हो गई ।एससीसी सेमरहन की तरफ से घातक गेंदबाजी करते हुए विशाल ने तीन ओवर में 22 रन देकर चार विकेट हासिल किया ।एससीसी सेमरहन ने इस रोमांचक मुकाबले में 30 रन से जीत हासिल की। एससीसी सेमरहन की तरफ से नितिन कुमार को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। दूसरा मैच परसपुर इलेवन परसपुर व मनकौरा इलेवन मनकौरा के मध्य खेला गया। मनकौरा इलेवन मनकौरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मनकौरा इलेवन मनकौरा ने निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट खोकर 90 रन बनाए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी परसपुर इलेवन परसपुर ने लक्ष्य का पीछा करते हुए9.5 ओवर में 5 विकेट खो कर 95 रन बना कर मैच में 5 विकेट से जीत दर्ज की परसपुर इलेवन परसपुर की तरफ से शिवा के बेहतरीन बल्लेबाजी प्रदर्शन से टीम ने पांच विकेट से मैच जीत हासिल की ।

### मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाएं एम एल के पी जी कॉलेज में20 जनवरी से

बलरामपुर/मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर से सम्बद्ध एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर परीक्षा केंद्र पर 20 जनवरी से स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ होगी ।20 जनवरी से 08 फरवरी तक चलने वाली परीक्षा में केन्द्र पर लगभग 3000 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर एम एल के पी जी कॉलेज के अतिरिक्त शक्ति स्मारक संस्थान के स्नातक व परास्नातक ( केवल बॉयज ) के छात्र भी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली 08:30 से 10:30 तथा द्वितीय पाली 11:30 से 01:30 तक होगी। परीक्षा के सकुशल संचालन के लिए परीक्षा प्रभारी डॉ लवकुश पाण्डेय व सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील कुमार शुक्ल की अगुवाई में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए विशेष आंतरिक सचल दस्ते बनाये गए हैं

## बाघ को गोरखपुर चिड़ियाघर भेजने पर वन्य जीव प्रेमी निराश

### बहाने बाजी से स्वस्थ बाघ को हुई उम्रकैद की सजा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। पिछले दिनों वन विभाग द्वारा पकड़े गए एक नर बाघ को गोरखपुर चिड़ियाघर भेज दिया गया ।गोरखपुर चिड़ियाघर भेजे जाने के बाद से वन्य जीव प्रेमियों में काफी निराशा है वन्य जीव प्रेमी विभाग की इस गाइडलाइन से काफी आहत हुए हैं। उनका कहना है कि एक तरफ विभाग वन्य जीव संरक्षण के लिए गाइडलाइन का पालन करवाता है वही गाइडलाइन का पालन न करते हुए बाघ को उम्र कैद की सजा देकर वन्य जीव प्रेमियों को भी निराश किया है। पिछले दिनों वन प्रभाग बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत रेहुआ हुआ मंसूर गांव में जंगल से भटक कर पहुंचे बाघ को वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित रेस्क्यू किया था। तत्काल रेस्क्यू किए जाने पर वन विभाग की क्षेत्र के लोगों ने सराहना भी की थी। बाघ का डॉक्टरों के पैनल ने जांच किया तो पता चला कि बाघ पूरी तरह से स्वस्थ है स्वस्थता के आधार पर बाघ को जंगल में छोड़ जाना था लेकिन जंगल में जगह न होने का बहाना बनाकर विभाग ने स्वस्थ बाघ को गोरखपुर में स्थित चिड़ियाघर भेज दिया। चिड़ियाघर भेजे जाने की सूचना मिलने पर वन्य जीव प्रेमियों में निराशा और नाराजगी देखने को मिली। 20 वर्षों से वन एवं वन्य जीव संरक्षण पर कार्य करने वाली संस्था कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के मुखिया भगवानदास लखमानी ने बाघ को चिड़ियाघर भेजे जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मांग की है, कि चिड़ियाघर भेजे गए बाघ को वापस लाकर जंगल में छोड़ जाए। उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग ने जंगल में जगह न होने का जो बहाना बनाया है। वह पूरी तरह से षड्यंत्रकारी है। वन्य जीव विशेषज्ञ कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने स्वस्थ बाघ को चिड़ियाघर भेजे जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वन विभाग की नादानी से एक स्वस्थ नर बाघ को उम्र कैद की सजा भुगतनी पड़ रही है। जिससे वन्य जीव संरक्षण पर काफी असर पड़ेगा। इसके साथ ही जनपद के अन्य वन्य जीव प्रेमियों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से वन विभाग की इस कार्यशैली का विरोध जताया है। आपको बताते चले कि वन्य जीव संरक्षण के तहत आने वाली एनटीसीए की गाइडलाइन के तहत स्वस्थ बाघ को उसके वास जंगल में ही उसे छोड़ा जाना चाहिए था लेकिन वन विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश ने एनटीसीए की गाइडलाइन को भी अलग रखते हुए एक स्वस्थ नर बाघ को उम्र कैद की सजा सुना दी। इससे महज कुछ दिन पूर्व भी कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में पकड़े गए एक बाघ को कानपुर चिड़ियाघर भी भेजा जा चुका है।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। किसानों की समस्याओं के निराकरण तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों, प्रगतिशील कृषकों, कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशक सदस्यों, पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों का स्वागत करते हुए विगत किसान दिवस की कार्यवृत्ति में कृषकों की समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों की अनुपालन आख्या को पढ़कर सुनाया गया। जिसमें कृषक समस्याओं का समाधान होने पर संतुष्ट पाये गये। किसान दिवस में जिला अध्यक्ष किसान यूनियन राम कुमार वर्मा द्वारा कृषकों की राजकीय नलकूप एव विद्युत से संबंधित समस्याओं के संबंध मे अवगत कराया गया। प्रगतिशील कृषक बब्बन सिंह, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी चंद्र भान सिंह संचित, जितेंद्र तिवारी द्वारा ए.आर. को-ऑपरेटिव से धान खरीद खरीद के संबंध में आवश्यक फीड बैक प्राप्त किया गया। किसान दिवस में मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने वर्तमान फसलों के संबंध में किसानों को आवश्यक जानकारी देते हुए किसानों को आम में लगने वाले बौर तथा उसमें लगने वाले कीट रोग नियंत्रण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई ।उपस्थित किसानों द्वारा मत्स्य पालकों हेतु बैंक से लोन की सुविधा प्राप्त करने तथा विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं की जानकारी हेतु पम्पलेट वितरण कराये जाने का सुझाव प्राप्त हुआ। प्रगतिशील कृषक शशांक सिंह, लालता प्रसाद गुप्ता, मुन्नालाल, वर्मा सहित अन्य कृषकों द्वारा सरयू नगर, उद्यान, विपणन, पशुपालन सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। सीडीओ मुकेश चंद्र द्वारा बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कृषकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया ।बैठक के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द बनवाने का सुझाव देते हुए सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, पीपीओ प्रिया नंदा, जिला गन्ना अधिकारी आनंद शुक्ला, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जितेंद्र नाथ मसंद, अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी तथा कृषकगण मौजूद रहे।

## वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच ।59 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा वन्दे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अंतर्गत समस्त सीमा चौकियों एवं अधीनस्थ सीमावर्ती विद्यालयों में वन्दे मातरम पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य



उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सद्भावना एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना तथा उन्हें राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ना रहा। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को ‟वन्दे मातरम्" के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व से अवगत कराया गया तथा स्वतंत्रता संग्राम में इसके प्रेरणादायी योगदान एवं अमर शहीदों के बलिदान को नमन किया गया ।उक्त आयोजन से प्रतिभागियों में राष्ट्रप्रेम की भावना प्रबल हुई तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सकारात्मक जन-संपर्क को भी बल मिला। कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला ने बताया कि वंदे मातरम के 150 वी वर्षगांठ पर एसएसबी द्वारा भव्यता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संगठित हिंदू समर्थ भारत व पंच परिवर्तन से राष्ट्र प्रथम की ओर: राजकिशोर

### आपस में कोई भेदभाव नहीं हम सभी हैं सभी हिन्दू एक है: विकुल दहाल

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर रूपईडीहा नगर के के गोकुलपुर मेला मैदान में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। शताब्दी वर्ष के निमित्त भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन गोकुलपुर के मेला मैदान रूपईडीहा में किया गया जिसकी अध्यक्षता महंत श्री श्री 1008 भगवानदास जी महाराज महंत श्री राम जानकी मंदिर रुपईडीहा मुख्य अतिथि के रुप में श्री विकुल दहाल जी राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख,नेपाल राष्ट्र मुख्य वक्ता के रूप श्रीमान राजकिशोर जी भाईसाहब साहब का उपस्थिति रही मातृशक्ति के रूप में डॉ श्वेता जैन जी रही। हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं नगर प्रचारक बलजीत के प्रस्तावना के उद्बोधन के उपरांत हुआ राजकिशोर जी ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ ने पंच परिवर्तन विषय लिया है इसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण,स्व-भाव का जागरण एवं नागरिक कर्तव्य प्रमुख है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुटुंब टूट रहे हैं यह दुर्भाग्य का विषय है भारतीय संस्कृति में कुटुंब का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है इसलिए सभी को परिवार में संस्कार देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी शक्तियां सामाजिक समरसता का ताना-बाना छिन्न करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, इसके लिए सभी को एकजुट होकर रहना होगा। सनातन धर्म में जातिगत भेदभाव का कहीं पर भी कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी लोग हिंदू हैं सभी के पूर्वज एक हैं। भारत में तलवार और लोभ लालच के बल पर धर्मांतरण हुआ। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति का चिंतन वैश्विक है और सारी वसुधा को हमने अपना परिवार माना है ।कार्यक्रम में जिला कार्यवाह दिलीप, धर्मजागरण के प्रचारक सर्वेश, अनुज सिंह, कमलेश पाठक, अनूप मिश्रा सहित सकल हिंदू समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन व्यवस्थापन के रूप में बृजनरेश श्रीवास्तव विवेक कुमार शुक्ल एडवोकेट दीपक शर्मा, चंद्रप्रकाश, जीतू कश्यप,रोहन बाल्मीकि, सूरज सोनकर, चन्दन,नरेश यादव आदि उपस्थिति रहे।

## दौलतपुर पहुंची बलहा विधायक, एसआईआर सूची का किया अवलोकन

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दौलतपुर में पहुंची ।उन्होंने दौलतपुर में एसआईआर सूची का अवलोकन किया तथा मौके पर मौजूद बीएलओ को पात्र मतदाताओं के नाम शत प्रतिशत जोड़ने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कई पात्र मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायत की



जिसका विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए नाम जोड़ने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद क्षेत्र से आए हुए लोगों से विधायिका रूबरू हुई। क्षेत्र के लोगों ने विधायक को सड़क बिजली सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया जिस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर जल्द समस्या निस्तारण करने का निर्देश दिया ।इस मौके पर गायघाट मंडल अध्यक्ष धनीराम लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश पोरवाल,तीरथ राम लोधी,रवि पोरवाल, फौजदार साहू, दिनेश निषाद ,राजेंद्र लोधी, रामादल मौर्य, संजय सोनकर सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

### अहिल्याबाई होल्कर की धरोहर ध्वस्त करने पर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस कार्यकताओं ने वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस घाट का जीर्णोद्धार देवी अहिल्याबाई होल्कर ने करवाया था। कांग्रेस ने इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और मूर्तियों को सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित करने की मांग की है। कांग्रेस ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि विकास के नाम पर वाराणसी के मणिकर्णिका घाट को हाल ही में अचानक ध्वस्त कर दिया गया। यह घाट सन 1791 में अहिल्याबाई होल्कर द्वारा जीर्णोद्धार किया गया था और सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए इसका अत्यधिक महत्व है। पार्टी ने आरोप लगाया कि 10 जनवरी को वाराणसी नगर निगम के अधिकारियों के निर्देश पर बिना किसी पूर्व सूचना के मणिकर्णिका घाट को कुछ ही घंटों में ध्वस्त कर दिया गया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि इसमें स्थान के इतिहास और महत्व को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया। कांग्रेस ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री ने अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रतिष्ठित कर उन्हें सम्मान दिया है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं के शासनकाल में अहिल्याबाई होल्कर से संबंधित पवित्र और ऐतिहासिक मूर्तियां मणिकर्णिका घाट के मलबे में दबी मिली हैं।

## बाल अपराधों की रोकथाम को लेकर ऑपरेशन रक्षा, मारहरा व मिरहची क्षेत्र में चला जागरूकता एवं चेकिंग अभियान

### अभियान थाना मारहरा एवं मिरहची क्षेत्रांतर्गत प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर संचालित किया गया।

अमन लेखनी समाचार




एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में थाना ए.एच.टी. द्वारा जनपद में बाल अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से ऑपरेशन रक्षा अभियान के तहत व्यापक जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना मारहरा एवं मिरहची क्षेत्रांतर्गत प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर संचालित किया गया। सोमबार को पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) नोडल अधिकारी ए.एच.टी. के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर (सहायक नोडल अधिकारी) के कुशल नेतृत्व में ए.एच.टी./एसजेपीयू प्रभारी निरीक्षक श्री गौरव सक्सेना द्वारा श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री राजबाबू, सहायक श्री दीपेन्द्र शर्मा, श्री बबलू सिंह एवं संयुक्त टीम के साथ अभियान को अंजाम दिया गया। अभियान के दौरान थाना मारहरा व मिरहची क्षेत्र के होटल, ढाबों, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर चेकिंग की गई तथा बाल श्रम उन्मूलन, मानव तस्करी रोकथाम एवं बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आमजन को बचपन बचाओ, शिक्षा दिलाओ तथा पढ़ेगा भारत तभी तो आगे बढ़ेगा भारत अभियान के तहत बच्चों की शिक्षा एवं संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आपातकालीन सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1098, 108, 112, 1076 एवं 181 के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया। संयुक्त टीम द्वारा बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, विमुक्तिकरण एवं पुनर्वासन की कार्रवाई करते हुए 07 प्रतिष्ठानों से 07 बाल/किशोर श्रमिकों को श्रम से मुक्त कराया गया। अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों एवं आमजन से अपील की कि बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों/किशोरों को किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजित न करें। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

## शंकराचार्य को गंगा स्नान से रोका, संगठन ने किया प्रदर्शन

### प्रयागराज में शिष्यों से मारपीट, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , हिंदू युवा संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को गंगा स्नान से रोकने और उनके शिष्यों के साथ मारपीट का विरोध किया। संगठन ने बंडा क्षेत्र में अवैध धार्मिक स्थलों पर बुलडोजर चलाने की भी मांग की। प्रशासन ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हिंदू युवा संगठन के संरक्षक राजेश अवस्थी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को गंगा स्नान करने से रोका गया था। आरोप है कि उनके शिष्यों को शिखा पकड़कर घसीटा गया और बेरहमी से मारपीट की गई। संगठन ने इस घटना को सनातन धर्म और शंकराचार्य में आस्था रखने वालों की भावनाओं को आहत करने वाला बताया। उन्होंने मांग की कि इस घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही, जिम्मेदार अधिकारी शंकराचार्य से माफी मांगें और उन्हें सम्मान के साथ स्नान कराया जाए। संगठन ने एक स्थानीय मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बंडा क्षेत्र में पिछले एक साल के दौरान कई धार्मिक स्थल अवैध रूप से बनाए गए हैं, जिनमें सरकारी भूमि पर भी निर्माण शामिल है। उन्होंने आशंका जताई कि एक धार्मिक स्थल के निर्माण से दो समुदायों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संगठन की मांग है कि ऐसे अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## रालोद प्रदेश में अकेले लड़ेगी पंचायत चुनाव : पीके पाठक

अमन लेखनी समाचार



श्रावस्ती। राष्ट्रीय लोकदल के तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक श्रावस्ती पहुंचे। जहां रालोद के पदाधिकारी और कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। भिनगा के सिविल लाइन में स्थित कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पीके पाठक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय लोकदल किसान हितैषी पार्टी है। किसानों के हर मुद्दा एवं किसान हित की लड़ाई सदैव राष्ट्रीय लोकदल लडता चलाआ रहा है। तराई जोन अध्यक्ष ने बताया कि पूर्वांचल में पार्टी के विकास के लिए मेरा साप्ताहिक कार्यक्रम निरंतर चल रहा है। गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, पीलीभीत, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर एवं श्रावस्ती में समीक्षा बैठक की जा रही है। जिसकी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को भेजी जाएगी। राष्ट्रीय लोकदल अकेले ही पंचायत चुनाव लड़ेगी। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा की विधानसभा चुनाव का निर्णय शीर्ष नेतृत्व करेगा कि किस सीट पर रालोद लड़ेगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव राजेश शुक्ला ने कहा कहा कि जनपद श्रावस्ती प्रदेश का पिछड़ा जनपद होने के नाते बेरोजगारी विशेष कर युवाओं लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा कौशल विकास मिशन के तहत स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोला जाएगा।

## जिलाधिकारी ने आमजन को सुचारू रूप से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उतरौला (बलरामपुर) जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला एवं विकास खंड उतरौला का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएचसी परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, जो संतोषजनक पाई गई। उन्होंने अस्पताल आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधा हेतु नया वेटिंग एरिया विकसित किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने ओपीडी, पैथोलॉजी कक्ष, क्षय रोग कक्ष, फामेर्सी, एंटी रेबीज वैक्सीन कक्ष, एक्स-रे कक्ष, टेली कंसल्टेंसी, आयुष्मान वार्ड, जन औषधि कक्ष, नेत्र विभाग आदि का भी अवलोकन किया ।इस दौरान उन्होंने मरीजों से वार्ता की एवं मिल रही चिकित्सा सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ को निर्देशित किया कि आमजन को समय पर, बेहतर एवं संवेदनशील चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। फामेर्सी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डेली इंटेंड रजिस्टर, डेली रिपोर्टिंग रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमित रूप से इंटेंड प्रेषित करते हुए सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सीएचसी के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि सभी मेडिकल स्टोरों पर स्टॉक रजिस्टर सहित आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखे जाएँ। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकास खंड उतरौला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों के कार्यों की समीक्षा की तथा कार्मिकों की सर्विस बुक, जीपीएफ आदि अभिलेखों के अद्यतन का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कल तहसील उतरौला में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का भी जायजा लिया

## संक्षेप

### युवक ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

**लाइव वीडियो में जहरीला पदार्थ निगला, अस्पताल में भर्ती**

बागपत , शहर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए लाइव वीडियो में जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। पीड़ित युवक ने आरोप लगाया कि उसे एक मामले में पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया गया था। उसने बताया कि पहले भी उसने इसी मामले में चौकी इंचार्ज ने काफी परेशान किया था। इस बार थाने में एक दरोगा, एक महिला दरोगा और दो अन्य पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह परेशान थायुवक ने लाइव वीडियो बनाते हुए कहा कि वह पुलिस के लगातार उत्पीड़न और पैसों की मांग से तंग आकर आत्महत्या कर रहा है। उसने बताया कि उस पर लगातार मुकदमे में कार्रवाई और पैसों का दबाव बनाया जा रहा था, जबकि उसके पास इतने पैसे नहीं थे। इस मामले में शहर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने जानकारी दी कि वीडियो में दिख रहे युवक का नाम फिरोज है। फिरोज पर मारपीट का एक मुकदमा दर्ज है और वह वादी पर फैसले के लिए दबाव बना रहा था। आज उसे नोटिस देने के लिए कोतवाली बुलाया गया था। फिरोज द्वारा पुलिस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं परिजनों ने फिरोज को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और फिरोज की स्वास्थ्य स्थिति व इलाज के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा

**प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने प्रगति न मिलने पर जताई नाराजगी**

बागपत , आयुष विभाग के प्रमुख सचिव एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड व विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की ।उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है ।इसके लिए जवाबदेही, तकनीकी दक्षता और मिशन-मोड में कार्य आवश्यक है। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने प्रभारी मंत्री की पिछली समीक्षा के कार्यवृत्त पर अपेक्षित प्रगति न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की ।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य केवल फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल और डैशबोर्ड दोनों पर दिखाई दें ।शिथिलता को जनहित के विरुद्ध बताते हुए कार्यशैली में सुधार के निर्देश दिए गए शासन की प्राथमिक योजनाओं, जैसे पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और सीएम युवा उद्यमी विकास योजना पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए ।लक्षित लाभार्थियों तक जानकारी पहुँचाने के लिए विशेष कैंप लगाने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया ।योजनाओं की प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु चेकलिस्ट व मानक आवेदन प्रारूप तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। बैंकों की धीमी कार्यप्रणाली पर भी नोडल अधिकारी ने असंतोष जताया ।उन्होंने 1500युवाओं को मिशन-मोड में उद्यमिता से जोड़ने के निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड में अधिकांश योजनाओं के इवउ श्रेणी में होने पर असंतोष व्यक्त किया गया ।छात्रवृत्ति में लापरवाही पर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को नोटिस जारी करने तथा सीडीओ को निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए ।एसडीएम को आय प्रमाण पत्रों का त्वरित निस्तारण करने और समाज कल्याण विभाग को डीबीटी व पोर्टल पर लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए।

# प्रयागराज में एयरफोर्स का प्लेन क्रैश, तालाब में गिरा

**शहर के बीचों-बीच हवा में डगमगाया, माघ मेला से 3किमी दूर हादसा**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट हवा में उड़ते-उड़ते डगमगाया और तालाब में गिर गया। 2 सीटर एयरक्राफ्ट में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। डिफेंस विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया, 'माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट बमरौली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया।' उन्होंने बताया, 'दोनों पायलटों ने सुझबूझ दिखाते हुए एयरक्राफ्ट को सुनसान इलाके में उतारा, जिससे आम लोगों की जान-माल को नुकसान नहीं हुआ। हादसे की वजह पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है।' हादसा बुधवार दोपहर 12 बजे केपी कॉलेज के पीछे हुआ। यह शहर के बीचों-बीच का इलाका है। तालाब के पास स्कूल और रिहायशी कॉलोनियां हैं। यहां से माघ मेले की दूरी 3 किमी है। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, एयरक्राफ्ट क्रैश होने से पहले दोनों पायलट पैराशूट से कूद गए और तालाब में गिरे। वहां दलदल में फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। जिस तालाब में विमान गिरा है, वहां चारों तरह जलकुंभी उगी हुई है। एयरक्राफ्ट तक कोई भी रेस्क्यू टीम अभी पहुंच नहीं पाई हैं। सेना, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ मौके पर हैं। रेस्क्यू अभियान जारी है। प्रयागराज में तालाब में गिरे एयरक्राफ्ट के पायलटों को बाहर निकालने का वीडियो सामने आया है। मौके पर भीड़ जुटी थी। लोग वंदे मातरम्, जय जवान जय किसान के नारे लगा रहे थे ढफड डिफेंस विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया- कअऋ का माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट बमरौली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया। उसे सुरक्षित रूप से सुनसान इलाके में उतारा गया, जिससे आम लोगों की जान-माल को कोई नुकसान नहीं हुआ। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। हादसे की वजह पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है।

## अविमुक्तेश्वरानंद की चेतावनी- प्रशासन नोटिस वापस लें

**वरना एक्शन लूंगा; अफसरों ने पूछा था- शंकराचार्य कैसे लिखा**

अमन लेखनी समाचार



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

प्रयागराज, मौनी अमावस्या पर स्नान को लेकर प्रशासन और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बीच शुरू हुआ विवाद अब शंकराचार्य की पदवी तक पहुंच गया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने 24 घंटे में मेला प्रशासन को 8 पेजों का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है। नोटिस को मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और असंवैधानिक बताया। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है, जिससे अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य पद पर बने रहने से रोका गया हो। मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए किसी भी तीसरे पक्ष को टिप्पणी करने या रोक लगाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने प्रशासन को नोटिस वापस लेने की चेतावनी भी दी है। कहा है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो कोर्ट में मानहानि का दावा करेंगे। दरअसल, मंगलवार को मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के एक आदेश का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया ।इधर, द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद को मौनी अमावस्या पर स्नान करने से रोके जाने की निंदा की। उन्होंने कहा, 'प्रशासन को माफी मांगनी चाहिए। ब्राह्मणों को पुलिस ने चोटी पकड़कर घसीटा। यह शासन का अहंकार है। सत्ता हर दिन नहीं रहेगी। गंगा स्नान से रोकने वालों को गो-हत्या का पाप लगता है।' बता दें कि सदानंद महाराज और अविमुक्तेश्वरानंद, स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य हैं। उनके निधन के बाद दोनों एक साथ शंकराचार्य बने थे।

## खंड स्तरीय कृषि मेला एवं गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह

कासिमपुर। बेहंदर विकासखंड में बुधवार को कृषि विभाग की ओर से खंड स्तरीय कृषि मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हरदोई विनीत शुक्ला ने फार्मर रजिस्ट्री, कृषि निवेशों पर अनुदान, कृषि विभाग में पारदर्शिता एवं डिजिटलीकरण तथा सोलर लाइट ट्रैप जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. टी.एन. राय ने किसानों को गेहूं, आलू और सरसों की फसलों में उन्नत किस्मों एवं नवीन कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी। वहीं सहायक विकास अधिकारी (कृषि) नरेंद्र कुमार ने जायद की उड़द व मूंग फसलों की ऑनलाइन बुकिंग तथा कृषि यंत्रों की बुकिंग प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया। पशुचिकित्सा अधिकारी



बेहंदर डॉ. दिनेश कुमार मौर्य ने सर्दी के मौसम में पशुओं की देखभाल, पोषण और पशुपालन विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष राजबहादुर, डॉ. किरण कांति, सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा कुलदीप सिंह, बीज भंडार प्रभारी देवेंद्र सहित क्षेत्र के दर्जनों किसान उपस्थित रहे। गोष्ठी के माध्यम से किसानों को कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी नवीन जानकारियां प्राप्त हुईं।

## बर्थडे से 3 दिन पहले मेजर शुभम की मौत

**दोस्तों से कहा था जन्मदिन पर पार्टी करेंगे फिर भाई की शादी में झूमेंगे**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मैं कोशिश कर रहा हूं जन्मदिन पर छुट्टी लेने की या फिर जन्मदिन के अगले चार दिनों में छुट्टी लेकर मैं मेरठ पहुंच जाऊं, पहले जन्मदिन मनाएंगे उसके बाद भाई की शादी करेंगे यह कहना था मेरठ के घसौली गांव निवासी मेजर शुभम सैनी का अपने दोस्तों से जब सड़क दुर्घटना में मौत होने से 2 दिन पहले मेजर ने अपने दोस्तों से बात की थी जिसमें उन्होंने दोस्तों से कहा मुझे छुट्टी मिलने वाली है और मैं जल्दी घर लौटूंगा आने के बाद सबसे मिलूंगा और एक पार्टी दूंगा। मेरठ के मेजर शुभम ने दोस्तों से किया अपना वादा तो निभाया, लेकिन अधूरा.. मेजर शुभम मेरठ आए मगर उनका शरीर ताबूत में था...उसके ऊपर तिरंगा लिपटा था..देहरादून के चकराता में कार खाई में गिरने से उनकी मौत हो चुकी थी। जैसे ही शुभम सैनी का पार्थिव शरीर सैन्य सम्मान के साथ उनके गांव पहुंचा तो दोस्तों का रो रोकर बुरा हाल था। दोस्त बार-बार यही पुकार रहे थे कि ऐसे वादा कौन निभाता है। शुभम तूने तो हमसे बथर्ड की पार्टी देने का वादा किया था और तू ऐसे खामोश लौटा है। दरअसल मेजर शुभम सैनी का आज से 2 दिन बाद यानि 21 जनवरी को बर्थडे है। इसी बर्थडे पर उनको मेरठ आना था। लेकिन बर्थडे से पहले ही ये हादसा हो गया।

### पिछले साल मेरे साथ मनाया था बर्थडे

मेजर शुभम सैनी के अंतिम संस्कार में पहुंचे उनके दोस्त ने बताया कि पिछले जन्मदिन पर शुभम मेरे साथ ही था हम दोनों ने मिलकर उसका बर्थडे मनाया था ।इस बार भी मैं बोल रहा था कि मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि मैं जन्मदिन पर छुट्टी ले लूं अगर ऐसा नहीं भी होता है, तो जब मुझे छुट्टी मिलेगी और मैं घर आऊंगा उसके बाद हम सभी दोस्त एक साथ मिलकर मेरा जन्मदिन मनाएंगे।

### स्केच बनाने का भी था शौक

शुभम सैनी के घर पहुंचे उनके दोस्तों में से एक ने बताया कि शुभम के शुरूआत से ही जब वह स्कूल में पढ़ता था तभी से कुछ अलग प्रकार के शौक रहे हैं जिनमें स्केच बनाना, इसके साथ-साथ क्रिकेट खेलने और ज्ञान बढ़ाने वाली किताबें पढ़ना मुख्य रूप से शोक रहे हैं। शुभम जब भी कभी अपने लिए फ्री समय निकलता था उसमें स्केच बनाया करता था वह बताता था कि अब उसे ड्यूटी पर समय नहीं मिलता और वह घर आकर ही यह सब करता है ।शुभम के दोस्तों ने बताया कि तीन दिन बाद 21 जनवरी को शुभम का बर्थडे था क्योंकि इस बार उसके परिवार में उसके बड़े भाई की शादी भी थी तो वह लंबी छुट्टी लेकर घर आने वाला था।इसके लिए हम सभी इस बार अपने दोस्त का जन्मदिन बहुत अच्छे से मानने वाले थे।

## बच्चे को गाड़ी पर लिटाकर रील, ड्राइवर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा में सोशल मीडिया के लिए लग्जरी कार पर वीडियो बनाया था**



अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में सोशल मीडिया पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक बच्चे की जान जोखिम में डालकर लग्जरी कार से स्टंट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र की है, जहां एक लग्जरी अवंति कार के बोनट पर बच्चे को लिटाकर गाड़ी चलाई गई। इस दौरान एक गाना बजाकर रील बनाई जा रही थी। कुछ अन्य लोगों ने भी इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। बच्चे को गाड़ी पर लिटाकर चलाने वाले कार चालक अंकितपाल, निवासी ए टावर 12 एवेन्यू गौर सिटी 2, को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि गाड़ी मालिक और बोनट पर बैठा बच्चा दोनों सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। वे यह वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करने के लिए बना रहे थे। इसका उद्देश्य कुछ लाइक्स, कमेंट्स और फॉलोअर्स बढ़ाना था।

## 10 साल की बच्ची की कई पसलियां और दांत टूटे

**सीआरपीएफ कांस्टेबल और पत्नी ने बुरी तरह पीटा, भूखा रखा; अब बच्ची वेंटीलेटर पर**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में सीआरपीएफ कॉन्सटेबल और उसकी पत्नी ने 10 साल की बच्ची के साथ मारपीट की। उसे अधमरी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची की हालत में देखकर डॉक्टर भी हैरान हो गए। उसके शरीर में गहरे घाव थे, कई पसलियां और दांत टूटे हुए थे। शरीर में हीमोग्लोबिन 1.9 था। बच्ची के शरीर पर चोटों के कई नए-पुराने निशान मौजूद थे, जो लंबे समय से होने वाले अत्याचार की तरफ इशारा कर रहे थे। तब डॉक्टरों ने बच्ची का मेडिकल लीगल केस तैयार कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 18 जनवरी को एफआईआर दर्ज की। मामले की जांच के लिए पुलिस सीआरपीएफ कैंप पहुंची। जहां वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की गई। आरोपी सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी कमांडेंट तारीक अनवर और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना ईकोटेक-3 का है ।इसी कैंपस में तारीक और पत्नी रिम्पा बच्ची के साथ रहते थे। इसी कैंपस में तारीक और पत्नी रिम्पा बच्ची के साथ रहते थे।

### बाथरूम में फिसलने से लगी चोट

ईकोटेक-3 में सीआरपीएफ कैंपस में ब्लॉक संख्या 60 के क्वार्टर नंबर 13 में कमांडेंट जीडी तारीक अनवर अपनी पत्नी रिम्पा खातून के साथ रहते हैं। दोनों ही आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। इनके साथ में पत्नी के पक्ष की 10 साल की भांजी भी रहती थी। जिससे वो घर का काम कराते थे। बच्ची को सीआरपीएफ कैंपस में रखने के लिए तारीक ने कोई परमिशन भी नहीं ली थी। 15 जनवरी को तारीक ने बच्ची को पहली बार सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्ची मरणासन्न हालत में थी। बच्ची के सिर, सीने और दूसरे अंगों में गंभीर चोट लगी थी। बच्ची को इतनी गंभीर हालत देखकर डॉक्टरों ने तारीक से इसकी वजह पूछी। तो तारीक ने बताया कि बाथरूम में फिसलकर गिर गई थी। लेकिन डॉक्टरों ने जब बच्ची का मेडिकल तौर पर टेस्ट किया, तो उसके शरीर में कई पुराने घाव, चोट और उनके निशान थे। बच्ची बोल पाने तक की स्थिति में नहीं थी। आरोपी तारिक ने डॉक्टरों से झूठ बोला। बच्ची को गंभीर हालत में हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कराया ।आरोपी तारिक ने डॉक्टरों से झूठ बोला।

# अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति तोड़े जाने पर सपा का प्रदर्शन

**मेरठ में दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर माता अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति तोड़े जाने के विरोध में समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सपा के जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गूमी और विधायक अतुल प्रधान के नेतृत्व में हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सपा नेताओं ने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर की यह मूर्ति धर्म और भगवान भोलेनाथ के प्रति उनकी आस्था का प्रतीक थी। उन्होंने करीब 250 वर्ष पहले, वर्ष 1771 में मणिकर्णिका घाट का निर्माण करवाया था। समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहर को नुकसान पहुंचाया है। समाजवादी पार्टी के साथ पाल समाज भी प्रदर्शन में शामिल इस घटना को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत पूरे प्रदेश और देश में आक्रोश है। प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष और पाल समाज के वरिष्ठ व कनिष्ठ सदस्य शामिल रहे। सभी ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोगों ने ही इस घटना का वीडियो बनाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें इसे एआई जनरेटेड तस्वीर बताया गया था। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि वीडियो उन्होंने खुद बनाया था, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मुख्यमंत्री मणिकर्णिका घाट आएं, तभी सच्चाई सामने आएगी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री से मणिकर्णिका घाट पहुंचकर स्थानीय लोगों से बात करने और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार से सवाल पूछने वाले करीब 80 लोगों पर मुकदमे दर्ज कर दिए गए हैं। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मणिकर्णिका घाट पर स्वयं आएं।

## गाजीपुर भुड़कुड़ा पुलिस ने प्राणघातक हमले के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मारकण्डेय चौहान पुत्र स्व0 सोमल चौहान की तहरीर पर दिनांक 04 जनवरी 2026 को मु0अ0सं0 003/2026 धारा 191(2),191(3),115(2),117(2),351 (3) बीएनएस बनाम अरविन्द चौहान आदि 09 नफर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया**

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर। थाना भुड़कुड़ा पुलिस ने प्राणघातक हमला करने के मामले में वांछित अभियुक्त अंगद उर्फ प्रवीण चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम मखदुमपुर उम्र करीब 24 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर चौजा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया था मामला थाना भुड़कुड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मखदुमपुर में दीवार तोड़कर पीछे की तरफ दरवाजा खोलने को लेकर दो




पक्षों के बीच हुई मारपीट का है जिसमें मारकण्डेय चौहान पुत्र स्व0 सोमल चौहान की तहरीर पर दिनांक 04 जनवरी 2026 को मु0अ0सं0 003/2026 धारा 191(2), 191(3),115(2),117(2),351 (3) बीएनएस बनाम अरविन्द चौहान आदि 09 नफर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था

## सामुदायिक जीवन, लोक-विश्वास और मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर। पी.जी. कॉलेज मलिकपूरा, गाजीपुर में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय सामुदायिक जीवन, लोक-विश्वास एवं मानसिक स्वास्थ्य रहा। यह कार्यशाला समकालीन सामाजिक जीवन की चुनौतियों और मानसिक संतुलन की आवश्यकता के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक रही। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. शंभू उपाध्याय उपस्थित रहे। अपने गहन एवं अनुभवजन्य व्याख्यान में उन्होंने कहा कि सामुदायिक जीवन की मजबूती लोक-विश्वासों की सही समझ और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता से ही संभव है। उन्होंने कहा कि जब समाज मनोवैज्ञानिक रूप से स्वस्थ होगा, तभी वह मानवीय मूल्यों, सहिष्णुता और सामाजिक समरसता को सहेज पाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर सिंह ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि



वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, भावनात्मक परिपक्वता और सामाजिक संवेदनशीलता का निर्माण भी होना चाहिए। ऐसी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविकताओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. पूजा साहू द्वारा किया गया। उन्होंने विषय की भूमिका रखते हुए मानसिक स्वास्थ्य को सामाजिक चेतना की आधारशिला बताया और सामुदायिक जीवन में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

## नंदगंज पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर अपराधी, तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तारी से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना नंदगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास बेहद लंबा और संगीन धाराओं से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार दिन्‍ को उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति मुडरभा नहर पुलिया के पास मौजूद हैं। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और राहुल दूवे उर्फ श्याम नारायण दूवे पुत्र केदार दूवे निवासी ग्राम करंडा बाजार थाना करंडा जनपद गाजीपुर तथा चन्द्रशेखर चौहान पुत्र अवध नारायण चौहान निवासी वार्ड नंबर 13 अलीनगर थाना अलीनगर जनपद चंदौली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दोनों अभियुक्तों के कब्जे से एक-एक अदद देशी तमंचा .315 बोर तथा एक-एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध गाजीपुर सहित वाराणसी, चंदौली, मिजार्पुर, सोनभद्र और गाजियाबाद जनपदों में डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित गंभीर धाराएं शामिल हैं।

## संक्षेप

### अमर उजाला श्रेष्ठ प्रधान पुरस्कार से नागर प्रधान अनुज द्विवेदी सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

झांसी। अमर उजाला द्वारा आयोजित श्रेष्ठ प्रधान पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन झांसी स्थित लेमन ट्री होटल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झांसी मंडलायुक्त विमल दुबे रहे। इस अवसर पर झांसी, जालौन एवं ललितपुर जनपदों से लगभग 150 ग्राम प्रधानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मंडल के विभिन्न ग्रामों द्वारा अपने-अपने विकास कार्यों की प्रविष्टियां भेजी गई थीं, जिनमें से उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नागर के ग्राम प्रधान अनुज द्विवेदी को उनके उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए मंडलायुक्त विमल दुबे द्वारा श्रेष्ठ प्रधान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंडलायुक्त विमल दुबे ने सभी सम्मानित प्रधानों के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य ग्राम प्रधानों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास में प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और ऐसे आयोजनों से उन्हें नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में अमर उजाला के चीफ ब्यूरो गोस्वामी जी, मुथूट फाइनेंस की ब्रांच मैनेजर सुरभि गुप्ता, अमर उजाला के संपादक अमरनाथ प्रसाद तथा कार्यक्रम संचालक नीति शास्त्री उपस्थित रहे।

### प्रशांत कुमार ओमर ने रक्तदान कर बचाई नन्दन देवी की जान बचाई

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिला अस्पताल में भर्ती लक्ष्मी बाई पार्क निवासी फूलचन्द्र की पत्नी नन्दन देवी को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य प्रशांत कुमार ओमर ने इ+पॉजिटिव 1 यूनिट रक्तदान करके बचाई जान बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है जुनून है रक्तदान महादान।

### क्रांतिकारी रासबिहारी बोस की मनाई पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

भरूआ, सुमेरपुर। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने महान क्रांतिकारी रासबिहारी बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि रासबिहारी बोस वास्तव में क्रांतिकारी संगठनों के प्रणेता थे। देश की आजादी के लिए इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका पं. बंगाल के वर्धमान जिले में विनोद बिहारी बोस तथा भुवनेश्वरी देवी के घर 25 मई 1886 को जन्म हुआ था। ये शिक्षा प्राप्त कर क्रांतिकारी आन्दोलन में कूद पड़े थे। आई एन एस तथा स्वातंत्र्य संघ जैसे संगठनों के ये जन्मदाता थे। इन्होंने देश की आजादी के लिए काफी काम किया। सुभाष चन्द्र बोस के आजाद हिन्द फौज की रासबिहारी ने आधार भूमि तैयार की थी। ये जापान में आठ वर्षों तक रहे, वहां की महिला से शादी भी की। कालांतर में इनका जापान में 21 जनवरी 1945 को निधन हो गया। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति, रिचा, रामनरायन सोनकर, विकास, सतेन्द्र , होरी लाल, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# धारदार हथियार से युवक की हत्या का खुलासा

## पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार, चाकू व टी-शर्ट बरामद

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम बाइक सवार युवक प्रदीप सिंह की गला रेतकर हत्या के मामले का पुलिस ने कुछ ही घंटों में सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या की साजिश मृतक की पत्नी पूजा सिंह ने अपने प्रेमी रामतीर्थ मौर्य के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और एक खून लगी टी-शर्ट भी बरामद की गई है।




### किराए के मकान में रची गई साजिश

इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी रामतीर्थ मौर्य (32) मूल रूप से जनपद अमेठी का निवासी है और वर्तमान में उतरठिया स्थित संदीप पाल के किराए के मकान में रह रहा था। उसी मकान में मृतक की पत्नी पूजा सिंह भी रहती थी। यहीं दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। पूजा सिंह एएनएम कोर्स कर चुकी है और राजधानी अस्पताल में कार्यरत थी। पति प्रदीप सिंह से उसके संबंध ठीक नहीं थे, आए दिन विवाद होता रहता था।

### शराब पिलाकर की गई हत्या

पुलिस के अनुसार, मंगलवार को प्रदीप सिंह गांव से लखनऊ लौटा था। पूजा सिंह ने उसी दिन रामतीर्थ को इसकी जानकारी दी और पति को रास्ते से हटाने की बात कही। योजना के तहत शाम को रामतीर्थ और प्रदीप बाइक से शराब पीने निकले। शराब पीने के बाद चिरैय्याबाग अंडरपास के पास शहीद पथ सर्विस रोड पर, बाइक चलाते समय रामतीर्थ ने पहले से छिपाकर रखे चाकू से प्रदीप का गला रेत दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### रोने का नाटक करती रही पत्नी

घटना के बाद पूजा सिंह मौके पर पहुंची और शव से लिपटकर रोने का नाटक करती रही। स्थानीय लोग भी उसे पीड़िता समझते रहे, लेकिन पुलिस जांच में सच्चाई सामने आने के बाद सभी स्तब्ध रह गए।

### मुकदमा दर्ज, आरोपी जेल भेजे जाएंगे

मृतक के पिता लाखन सिंह की तहरीर पर थाना पीजीआई में मुकदमा संख्या 45/2026 धारा 103(1)/61(2) बीएनएस के तहत पूजा सिंह और रामतीर्थ मौर्य के खिलाफ दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तीन मासूम बच्चों का उजड़ा भविष्य

एसीपी ऋषभ यादव ने बताया कि प्रदीप और पूजा के तीन बच्चे—तान्या, पीहू और रुद्र—हैं, जो वर्तमान में अपने दादा-दादी के पास कानपुर में रहते हैं। इस घटना ने दोनों परिवारों को बबार्दी की कगार पर ला दिया है।

### अंधेरे का फायदा उठाकर दिया वारदात को अंजाम

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहीद पथ सर्विस रोड पर न तो स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है और न ही नियमित पुलिस गश्त होती है। अंधेरे का फायदा उठाकर ही आरोपियों ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। लोगों ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

# पंचायत भवन की जमीन पर कब्जे की कोशिश

## समाजसेवी ने एसडीएम से की शिकायत...

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के मऊ गांव में स्थित पुराने सरकारी पंचायत भवन और उससे जुड़ी खाली भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया गांव के एक दबंग व्यक्ति द्वारा पंचायत भवन की जमीन पर निर्माण कर कब्जा करने की कोशिश से ग्रामीणों में रोष व्याप्त मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव के समाजसेवी आशीष द्विवेदी ने बुधवार को उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन पटेल से मिलकर लिखित शिकायत दर्ज कराई शिकायतकर्ता समाजसेवी आशीष द्विवेदी के अनुसार मऊ गांव में स्थित पंचायत भवन लगभग 50 वर्ष पुराना जो भले ही जर्जर अवस्था में लेकिन आज भी ग्रामीणों के बीच पंचायत भवन के रूप में ही जाना जाता पंचायत से जुड़े कई पुराने अभिलेख और सरकारी रिकॉर्ड भी इस भवन की सार्वजनिक संपत्ति होने की पुष्टि करते इसके बावजूद गांव का ही एक दबंग व्यक्ति बीते कई दिनों से भवन और उसकी खाली भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास कर रहा ग्रामीणों ने बताया कि उक्त व्यक्ति इससे पहले भी पंचायत भवन की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर चुका जिसे ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा रुकवा दिया गया हालांकि कुछ समय शांत रहने के बाद दबंग ने दोबारा निर्माण सामग्री डालकर कब्जे की गतिविधियां शुरू कर दीं आरोप है कि वह स्वयं को पत्रकार बताकर लोगों पर रौब झाड़ता और विरोध करने वालों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देता ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन गांव की सार्वजनिक संपत्ति और भविष्य में इसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता भी पड़ सकती ऐसे में यदि इस पर अवैध कब्जा हो गया तो गांव की सामूहिक संपत्ति हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। मामले की शिकायत मिलने पर एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल ने इसे गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और स्थानीय पुलिस को तत्काल मौके पर पहुंचकर कब्जे की कार्रवाई रुकवाने के निर्देश दिए साथ ही पूरे प्रकरण की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत भवन की भूमि को स्पष्ट रूप से चिन्हित कर वहां चेतावनी बोर्ड लगाया जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति दोबारा कब्जे का प्रयास न कर सके साथ ही दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर गांव में कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

# प्रदेश का दूसरा जल अर्पण गांव बना कुढ़ा

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र की कुढ़ा ग्राम पंचायत ने प्रदेश में एक नई पहल की मिसाल कायम करते हुए उत्तर प्रदेश का दूसरा जल अर्पण गांव बनने का गौरव हासिल किया आयोजित जल अर्पण दिवस समारोह में प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ग्राम प्रधान अमरीश कुमार को प्रतीक स्वरूप जल कलश सौंपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जल अर्पण गांव बनने के बाद अब कुढ़ा में पेयजल आपूर्ति की पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के हाथों में होगी ग्राम प्रधान के नेतृत्व में गांव के लोग स्वयं जलापूर्ति व्यवस्था का संचालन रखरखाव और निगरानी करेंगे इस पहल से गांव में न केवल स्वच्छ पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित होगी बल्कि स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और सहभागिता भी मजबूत होगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हर घर जल योजना गांवों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही उन्होंने जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पानी का सदुपयोग करना हर नागरिक का दायित्व है और जल स्रोतों की रक्षा के बिना भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता जलशक्ति मंत्री ने बताया दो करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना के तहत गांव के 550 परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा निरीक्षण के दौरान मंत्री और अधिकारियों ने नल से पानी पीकर उसकी गुणवत्ता भी परखी और व्यवस्था पर संतोष जताया कार्यक्रम से पूर्व स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया बच्चों की रैली ने ग्रामीणों को पानी बचाने और स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया योजना के तहत कार्यदायी संस्था अगले 10 वर्षों तक संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी निभाएगी, जिससे व्यवस्था की निरंतरता बनी रहेगी स्थानीय ग्रामीणों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि जल अर्पण गांव बनने से गांव आत्मनिर्भर बनेगा और शुद्ध पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कस्बे में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

### पुलिस की सख्ती से थरार्या बाजार.......

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने ऐसा सख्त अभियान चलाया कि पूरे बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया लंबे समय से मिल रही शिकायतों और रोजाना लगने वाले विकराल जाम को देखते हुए प्रशासन ने आखिरकार एक्शन मोड में आते हुए सड़क किनारे फैले अवैध अतिक्रमण और नियम विरुद्ध संचालित डग्गामार ऑटो रिक्शों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की भारी पुलिस बल के साथ नगर पंचायत की टीम ने कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर प्रमुख मार्गों तक पैदल मार्च कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया। इस दौरान कस्बा इंचार्ज अतुल सिंह उपनिरीक्षक परवेज आलम और नगर पंचायत के सुपरवाइजर राजेश शुक्ला मौके पर मौजूद रहे अधिकारियों ने सार्वजनिक मार्ग को बाधित कर रहे ठेलों अस्थायी दुकानों और अवैध निमार्णों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर विशेष सख्ती देखने को मिली सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़ी और बिना लॉक की गई कई बाइकों को पुलिस ने जब्त कर लिया इन वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया गया और चालान की प्रक्रिया शुरू की गई अवैध रूप से स्टैंड बनाकर सड़कों पर जाम लगाने वाले ऑटो रिक्शा चालकों को मौके से खदेड़ दिया गया और दोबारा दिखाई देने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई उपनिरीक्षक परवेज आलम ने पूरे अभियान की कमान संभालते हुए तत्परता से कार्रवाई करवाई, जिससे घंटों से जूझ रहे कस्बे को राहत मिली स्थानीय लोगों का कहना कि यदि समय रहते यह सख्ती न होती तो जाम की स्थिति और भयावह हो सकती परवेज आलम की सक्रिय भूमिका की क्षेत्रवासियों ने खुले तौर पर सराहना की। वहीं स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा भी जोरों पर रही कि कस्बा चौकी इंचार्ज अतुल सिंह इस भीषण जाम से निजात दिलाने में अपेक्षित रुचि नहीं लेते दिखे, जबकि वास्तविक मोर्चा संभालकर यातायात को सुचारु कराने का कार्य उपनिरीक्षक परवेज आलम ने नगर पंचायत टीम के साथ मिलकर किया। इस प्रकरण में कस्बा इंचार्ज अतुल सिंह ने बताया कि सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण के कारण रोजाना आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा एम्बुलेंस और स्कूली बसों के जाम में फंसने की लगातार शिकायतें मिल रही उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि सड़क किसी की निजी संपत्ति नहीं भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त कर भारी जुमार्ना वसूला जाएगा प्रशासन की इस कार्रवाई का स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने स्वागत किया मोहनलालगंज कस्बा काफी हद तक व्यवस्थित और साफ-सुथरा नजर आया।

# तेलीबाग में एक दिवसीय किसान मेला, जैविक खेती व आय बढ़ाने पर जोर

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। तेलीबाग में बुधवार को कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एग्रो क्लाइमेटिक किसान मेला तथा परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जनपद स्तरीय एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. अजय कृष्ण ने की।

### जैविक खेती अपनाने की अपील

मलिहाबाद विधायक जय देवी ने किसानों से अपने खेतों में अच्छी तरह सड़ी गोबर की खाद, ढैंचा, उड़द व मूंग की हरी खाद सहित अन्य जैविक खादों के अधिक से अधिक प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परंपरागत व जैविक खेती अपनाकर ही स्वस्थ जीवन और सुरक्षित पर्यावरण संभव है।

### विशेषज्ञों ने दिए आय बढ़ाने के टिप्स

केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार दुबे ने सामान्य व ऊसर भूमि में फसल एवं फलदार पौधों के रोपण और बेहतर प्रबंधन से आय बढ़ाने के उपाय बताए। आईआईएसआर लखनऊ के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह ने कृषि विविधीकरण और गन्ने में सहफसली खेती से अधिक लाभ लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

### सरकारी योजनाओं की जानकारी

उप कृषि निदेशक विनय कुमार कौशल ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अजय कृष्ण ने प्रदर्शनी में लगाई गई तकनीकों को अपनाने और उत्पादों में वैल्यू एडीशन कर आय बढ़ाने पर बल दिया।

### ऋण, विपणन और जलवायु पर चर्चा

जैव विकास बोर्ड के सलाहकार डॉ. पी.एस. ओझा ने उद्यमी किसानों के लिए ऋण प्रबंधन पर प्रकाश डाला। सीआईएसएच रहमान खेड़ा के प्रधान वैज्ञानिक सुशील कुमार शुक्ला ने देसी बीज, परंपरागत खेती, मूल्य संवर्धन और विपणन पर जानकारी दी। डॉ. संजय अरोड़ा ने सामान्य व ऊसर मृदा के बेहतर प्रबंधन से उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। सीएसएसआरआई के डॉ. अनूप कुमार दीक्षित ने जलवायु परिवर्तन के अनुरूप रबी व जायद फसलों की समसामयिक जानकारी दी।

### समेकित कृषि व एफपीओ पर जोर

डॉ. सी.एल. वर्मा ने समेकित कृषि प्रणाली के अंतर्गत मत्स्य पालन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। परंपरागत कृषि विकास योजना के परियोजना समन्वयक कृष्ण मोहन ने योजना के लाभ बताए। निराला हर्बल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक हेमंत निराला ने एफपीओ के माध्यम से किसानों को मिलने वाले लाभों पर चर्चा की।

### किसानों की बड़ी भागीदारी

कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. ए.के. दुबे ने कम लागत में अधिक उत्पादन को लाभकारी बताया, जबकि डॉ. अजय राय ने रबी फसलों में कीट एवं रोग नियंत्रण के उपाय बताए। कार्यक्रम में निदेशक रहमान खेड़ा आर.के. सिंह समेत कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। मेले में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए करीब 480 महिला व पुरुष किसानों ने भाग लिया। किसान मेला एवं प्रदर्शनी में सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं, एफपीओ और फसल बीमा सहित 16 स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों ने कृषि निवेश सामग्री की खरीद भी की।

# नेवादा क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों का जाल, प्रदूषण विभाग की कार्रवाई बेअसर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित हो रहे ईंट भट्ठों का मामला अब गंभीर होता जा रहा है। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से चल रहे इन भट्ठों के कारण न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रशांत सिंह ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी हरदोई, प्रदेश प्रदूषण अध्यक्ष नियंत्रण बोर्ड को पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई है। पत्र में बताया गया है कि नेवादा क्षेत्र में कई ईंट भट्ठे बिना किसी वैध स्वीकृति अथवा मानकों के संचालित हो रहे हैं। इन भट्ठों से निकलने वाला धुआं और प्रदूषण आसपास के गांवों में फैल रहा है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। शिकायत में बताया कि पूर्व में प्रदूषण विभाग द्वारा इन भट्ठों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी, लेकिन उसके बावजूद भट्ठों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर संबंधित विभागों की कार्रवाई कितनी प्रभावी है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल बंद कराया जाए, ताकि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस गंभीर मामले पर क्या रुख अपनाते हैं और कब तक क्षेत्रवासियों को इस प्रदूषण से राहत मिल पाती है।

# हैलेट से लाकर मुख्य आरोपी को न्यायालय में किया दाखिल, भेजा गया जेल

### कस्बे के लव जिहाद, रेप, धर्मांतरण के दबाव का मामला

अमन लेखनी समाचार

भरूआ, सुमेरपुर। कस्बे में लव जिहाद, गैंगरेप के बाद धर्मांतरण का दबाव के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में उसे जेल भेज दिया गत 14 जनवरी की रात हिंदू समुदाय की नाबालिग युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने की प्राथमिकी 15 जनवरी को दर्ज हुई थी। घटना के मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान को थानाध्यक्ष एवं उनकी टीम ने देवगांव मार्ग से 15 जनवरी को देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करके तमंचा, कारतूस एवं मोबाइल आदि बरामद किया था। मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लगी थी।। घायल होने के बाद इसको कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की रात पुलिस ने इसे डिस्चार्ज कराकर बुधवार को न्यायालय में पेश किया था। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश किया था। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# पीड़ित परिवार ने सदर विधायक से मांगी सुरक्षा विधायक ने सीओ को सुरक्षा देने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर भरुआ सुमेरपुर। बुधवार को सदर विधायक ने लव जिहाद की पीडिता के परिजनों से भेंट करके घटना की जानकारी ली। पीड़िता के परिजनों ने आरोपियों से परिवार को खतरा बताकर सुरक्षा की मांग की। इस पर उन्होंने सीओ सदर से फोन पर वार्ता करके पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैय्या कराने के निर्देश दिए सीओ सदर ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैय्या कराने का आश्वासन विधायक को दिए हैं। सदर विधायक ने परिजनों से कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। प्रशासन उनके साथ न्याय करेगा। इसके पूर्व मंगलवार को देर शाम भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात करके घटना की जानकारी लेकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया था।

# डामर गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से पेयजल किल्लत का समाना करना पड़ रहा है

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव स्थित जल संस्थान के नलकूप से पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। नलकूप के बोर में आई खराबी से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है क्षेत्र के डामर गांव में जल संस्थान के एकल नलकूप से गांव सहित कुशौली पुरवा गांव को पेयजल की आपूर्ति हो रही थी। लगभग बीस दिन से नलकूप से मोरम उक्त गंदा पानी निकल रहा है। जिससे लोगो को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। गांव निवासी खड्ग सिंह, लल्लू , रामकुमार , रमेश आदि ने बताया कि इस नलकूप का पानी पीने योग्य था। लेकिन नलकूप का बोर खराब होने से पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है। चौबीस घंटे में एक घंटा नलकूप चल पा रहा है। जिससे पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नमामि गंगे की सप्लाई वाला पानी खारा है। जिससे यह पीने के लिए प्रयोग नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने सदर विधायक डा मनोज प्रजापति से मांग की है। की पेयजल के लिए नलकूप की व्यवस्था कराई जाए। गर्मी के मौसम में अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जलसंस्थान के राजेंद्र कुमार ने बताया कि नलकूप से पानी सप्लाई में मौरम निकलने से रिबोर की स्थित में है। नया नलकूप होने पर ही दोनों गांव में पानी की सप्लाई हो पाएगी।

# विकास कार्यों की खराब प्रगति पर बिफरे ब्लाक प्रमुख

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ब्लाक सभागार में ब्लॉक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में फैमिली आईडी, केवाईसी, आवास निर्माण मजदूरी में प्रगति खराब होने एवं ड्रेस कोड पहनकर न आने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। 28 जनवरी तक कार्यों में प्रगति करने के सख्त निर्देश दिए गए। इस मौके पर अच्छा कार्य करने वाले पंचायत सचिव मनीष कौशिक को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। बुधवार को ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा की गई। प्रभारी खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने पंचायतवार फैमिली आईडी, केवाईसी, आवास निर्माण की मजदूरी भुगतान की रिपोर्ट प्रस्तुत की। खराब प्रगति एवं कर्मचारियों के ड्रेस कोड में न आने पर ब्लॉक प्रमुख ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्यों में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी तक सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। संचालन एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने किया। बैठक में एपीओ मनरेगा विकास चंद्र के अलावा सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कंसलटिंग इंजीनियर आदि मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान पंचायत सचिव मनीष कौशिक की प्रगति बेहतर होने पर उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

